


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शनिवार 04 अप्रैल 2026 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-2 ■ वर्ष -42 ■ अंक-006 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 5अप्रैल 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112



छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25



"बस्तर की यह नई पहचान आने वाली पीढ़ियों के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत बनेगी। यह क्षेत्र अब शांति, प्रगति और गौरव की राह पर निरंतर आगे बढ़ता रहेगा।

**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

## हम कृतज्ञ हैं......

माँ दंतेश्वरी और जनजातीय नायक वीर गुण्डाधुर की यह धरती छत्तीसगढ़ 31 मार्च 2026 को माओवादी आतंक से मुक्त हुई है। हिंसक माओवादी विचारधारा ने न जाने कितनी माँओं की कोख उजाड़ दी, बहनों का सुहाग और मासूमों के सिर से पिता का साया छीन लिया। देश के लिए लड़ते हुए हजारों जवान शहीद हुए। दशकों से सशस्त्र माओवाद देश के विकास को खोखला करता रहा, वर्ष 2014 में आपके आशीर्वाद से यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार आई और दृढ़ संकल्प तथा सुनियोजित रणनीति के माध्यम से माओवादी हिंसा पर कठोर प्रहार किया गया। अनेक राज्य सशस्त्र माओवाद से मुक्त हुए लेकिन हमारी छत्तीसगढ़ महतारी और हमारे पड़ोसी राज्यों में यह नासूर बचा हुआ था। आपने पुनः आशीर्वाद दिया और राज्य में डबल इंजन की सरकार बनाई। पिछले ढाई सालों में आपकी सरकार ने सामूहिक संकल्प के बल पर इस सशस्त्र माओवादी नासूर को नष्ट कर दिया।

हम कृतज्ञ हैं उन शहीद जवानों के प्रति, जिन्होंने अपने प्राणों की आहूति देकर देश को माओवाद से मुक्ति दिलाई। हम कृतज्ञ है हमारे सुरक्षा बल के जवानों के प्रति, जिन्होंने साहस और संकल्प के साथ अपनी जान पर खेलकर माओवाद की जड़ पर कड़ा प्रहार करके उसका समूल नाश किया।



हम कृतज्ञ हैं बस्तर की जनता का, जिन्होंने माओवादी हिंसा को न केवल अस्वीकार किया अपितु उसके विरोध में खड़े हुए। मुझे आपका जज्बा याद आता है जब सशस्त्र माओवादियों द्वारा वोट देने पर ऊंगली काट देने की धमकी दी जाती थी, तब भी आप निर्भय होकर लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करते थे। आपके मतदान से एक ऐसा नेतृत्व आया जिसने एक दशक के भीतर आंतरिक सुरक्षा के इस सबसे बड़े संकट को समाप्त कर दिया।

हम कृतज्ञ हैं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के साहसपूर्ण नेतृत्व के प्रति। मुझे याद है वर्ष 2015 में दंतेवाड़ा में उन्होंने अपनी सभा में हथियार उठाने वाले युवाओं से कहा था 'एक प्रयोग कीजिए, पांच दिन हथियार रख दीजिए, उस परिवार के बच्चे के साथ दिन गुजारिए जिसने आपकी वजह से अपने परिजनों को खोया है फिर आप कभी हिंसा के रास्ते में नहीं जाएंगे।'

प्रधानमंत्री जी ने हमेशा हमारा हौसला बढ़ाया, मार्गदर्शन किया है। उनके दृढ़ संकल्प की बदौलत देश माओवादी हिंसा से मुक्त हुआ है। हिमालय जैसी चुनौतियों से निपटने के उनके साहस ने हमें उत्साह से भर दिया और हमने यह असंभव जैसा लक्ष्य प्राप्त किया।

हम कृतज्ञ हैं केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के, जो माओवादी नासूर को नष्ट करने के लिए बनायी गई रणनीति के शिल्पी हैं। रायपुर में पत्रकारों की भरी सभा में आपने देश से वायदा किया था कि 31 मार्च 2026 तक माओवाद को समाप्त करेंगे और इसे पूरा किया। आपने माओवादी आतंक को नष्ट करने के लक्ष्य पर नजर टिकाए रखी। हमारा नेतृत्व किया, संसाधन और मार्गदर्शन दिया। हमारे बहादुर जवानों के बीच पहुंचकर उनका हौसला बढ़ाया। आपने गोली का जवाब गोली से और बोली का जवाब बोली से देने का संदेश दिया। माओवादी हिंसा को छोड़कर जो शांति की राह पर लौटे, संविधान को अपनाया, उनका हमने स्वागत किया।

हम कृतज्ञ हैं प्रदेश की जनता के प्रति जो इस सुंदर धरती को सशस्त्र माओवाद से मुक्त कराने के रास्ते में सहभागी बनी, आपने हम पर विश्वास किया। विश्वास कीमती होता है, हमने इसकी रक्षा की है। बस्तर में बच्चे अब निर्भय होकर स्कूल जाएंगे, माताएं-बहनें आजादी की सांस लेंगी और हर तरफ विकास का उजाला फैलेगा।

**अब कहीं रेड कॉरिडोर नहीं, हर तरफ ग्रीन कॉरिडोर है।**
**एक सुखद उज्ज्वल भविष्य की राह पर हम सब सहभागी बन अब आगे बढ़ेंगे।**

## जय भारत, जय छत्तीसगढ़



आपका **विष्णु देव साय** मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

संवाद आर.ओ.47391/105

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

## एक नजर

### ईस्टाग्राम बनाकर महिला से चेटिंग करने वाला युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 4 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई फर्जी ईंस्टाग्राम बनाकर महिला से अभद्र चेटिंग करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उतई टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि पीड़िता ने उतई पुलिस में शिकायत किया जिसमें इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर फ्रेंड रिकवेस्ट भेजकर महिला से बातचीत किया इसके अलावा युवक ने व्हाट्सएप के माध्यम से महिला को अश्लील फोटो भेजकर उसे वायरल करने की धमकी दी गई। पुलिस ने जांच कर तकनीकी साक्ष्य जुटाकर ग्राम कोहगाटोला, थाना कोतवाली बालोद निवासी राधेलाल महरा उर्फ राजा को पकड़ा गया उतई थाने पुलिस ने आरोपी तक पहुंचने तकनीकी साक्ष्य (सीडीआर) के आधार पर उसका शिनाख्त किया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि तीन अलग-अलग फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाया है उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है।

### स्वास्थ्य सचिव का पीए बताकर ठगी का मामला सामने आया

**भिलाई, 4 अप्रैल (तछसं.)।** स्वास्थ्य विभाग के सचिव का पीए बताकर निजी अस्पतालों से ठगी का प्रयास करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि गंगोत्री अस्पताल संचालक ओमप्रकाश कराडे ने बताया कि 17 मार्च को एक कॉल आया था?फोन करने वाले ने खुद को स्वास्थ्य एवं कल्याण?विभाग के सचिव का निजी कर्मी अजय अग्रवाल बताया। उसने अस्पताल की तथाकथित अनियमितताओं को खत्म करने के बदले में पैसे की मांग मोहन नगर व भिलाई-3 थाना क्षेत्र की घटना ?की। उसने कराडे को मंत्रालय में मिलने बुलाया। मुलाकात मंत्रालय के भीतर के बजाय नीचे हुई। उसने अनियमितताओं को खत्म करने के लिए पैसे का डिमांड किया। कराडे ने बाद में मंत्रालय जाकर पूछताछ करने पर पता चला कि अजय अग्रवाल नाम का कोई व्यक्ति पदस्थ नहीं है। अस्पताल संचालक ने बाद आए फोन नंबर और अजय अग्रवाल के खिलाफ मोहन नगर थाने में लिखित शिकायत किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ ठगी का अपराध दर्ज किया। भिलाई - चरोदा में स्थित एएम अस्पताल के संचालक डॉ. मनोज पोपटानी के साथ भी इसी तरह का मामला हुआ। डॉ. पोपटानी ने भिलाई-3 थाने में 2 अप्रैल को शिकायत किया है। थाना प्रभारी अंबर सिंह भारद्वाज ने पीड़ित का बयान दर्ज किया। मामले में सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि गंगोत्री अस्पताल के संचालक की शिकायत पर जांच की जा रही है। भिलाई-चरोदा के एएम अस्पताल के संचालक को भी डरा-धमकाकर पैसे की डिमांड की है।

### सांसद विजय बघेल के सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**दुर्ग, 4 अप्रैल (तछसं.)।** दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल के सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले आरोपी को पाटन पुलिस में गिरफ्तार किया है आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है पाटन पीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि प्रार्थी द्वारा थाना पाटन में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जनप्रतिनिधि के विरुद्ध आपत्तिजनक एवं अभद्र टिप्पणी कर वीडियो प्रसारित किया गया है? इस पर पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए आरोपी के खिलाफ धारा 353 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया था पाटन थाने पुलिस ने आरोपी की पहचान कर कार्रवाई करते हुए आरोपी गौरव वर्मा निवासी ग्राम फुंडा थाना पाटन को गिरफ्तार कर लिया।

### धुंडेरा में हनुमान जन्मोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**भिलाई, 4 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा शुक्रवार 3 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर धुंडेरा गांव में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में रंग गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण राव, प्रदेश मंत्री मुकेश सोनकर तथा दुर्ग जिला मंत्री मनोज साव उपस्थित रहे। आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान भक्तिमय संगीत का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भजनों का आनंद लिया। पूरे आयोजन में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**भिलाई, 4 मार्च।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आज शाम 5 बजे सोनकर मोहल्ला से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो बैकुंठ धाम के लिए प्रस्थान करेगी। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शोभायात्रा को सफल बनाने की अपील की है। आयोजन समिति ने सभी से सहयोग प्रदान करने का आग्रह करते हुए इसे धार्मिक उत्सव को भव्य रूप देने का संकल्प व्यक्त किया है। जिला मंत्री एवं वैशाली नगर विधानसभा प्रभारी मनोज साव ने कहा कि इस अवसर पर सभी लोग एकजुट होकर हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त करें और शोभायात्रा में सहभागिता निभाएं।

# रायपुर में पंडरिया सेवा सदन की शुरुआत , विधायक भावना दीदी का दिल से आभार:गोस्वामी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,4 अप्रैल।** पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी और सरपंच संघ ललित चंद्रवंशी ने बताया की जनप्रतिनिधि की असली पहचान केवल विकास कार्यों से नहीं, बल्कि उस संवेदनशीलता से होती है जिसके साथ वह अपने क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में सहभागी बनता है। पंडरिया विधानसभा में इसी भावना को साकार करते हुए विधायक भावना बोहरा द्वारा ÷पंडरिया सेवा सदन÷ की शुरुआत एक ऐसे जनहितकारी प्रयास के रूप में सामने आई है, जो न केवल सुविधा प्रदान करता है, बल्कि मानवीय संवेदना का भी प्रतीक है। पंडरिया विधानसभा से बड़ी संख्या में मरीज बेहतर उपचार के लिए राजधानी रायपुर का रुख करते हैं। लेकिन इस दौरान उनके साथ आने वाले परिजनों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अस्पतालों के आसपास महंगे ठहरने के विकल्प, भोजन की व्यवस्था और दैनिक जरूरतों को पूरा करना, ये सभी समस्याएं पहले से ही परेशान परिवारों के लिए एक अतिरिक्त बोझ बन जाती थीं। ऐसे समय में आर्थिक दबाव के साथ-साथ मानसिक तनाव भी बढ़ जाता है। इन्हीं चुनौतियों को समझते हुए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने



÷भावना दीदी की गारंटी÷ में किए अपने संकल्प को दोहराते हुए राजधानी रायपुर के सेक्टर-2 में पंडरिया सेवा सदन जनता को समर्पित किया। यह पहल इस सोच का परिणाम है कि पंडरिया विधानसभा से रायपुर में इलाज के लिए आए किसी भी परिवार को अपने रहने और भोजन की चिंता न करनी पड़े, बल्कि वे पूरी तरह से अपने मरीज के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

पंडरिया विधानसभा वासियों की सुविधा, स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन के लिए किया गया हर संकल्प हमारे लिए सर्वोपरि है। ÷भावना दीदी की गारंटी÷ केवल एक वादा नहीं, बल्कि जनसेवा का अटूट संकल्प है। यह पहल समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों को सहारा देने के साथ-साथ जनकल्याण की भावना को और सशक्त करती है। पंडरिया विधानसभा की जनता ने जिस विश्वास के साथ मुझे सपनी सेवा का अवसर प्रदान किया जनता के उस विश्वास के प्रति हमने निरंतर प्रयास किये हैं चाहे वह बेटियों की शिक्षा के लिए 8 निःशुल्क बस सेवा का संचालन, आपातकालीन परिस्थिति में त्वरित सहयता के लिए 8 निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा, निःशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग, समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र की स्थापना से आज जनता की हर परिस्थिति में सुविधा मिल रही है। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की बात करें तो 500 किलोमीटर से अधिक की सड़कों का निर्माण, 300 करोड़ से अधिक के बहुप्रतीक्षित सिंचाई परियोजनाएं, पुल-पुलिया निर्माण, स्वच्छता एवं आवास, वनांचल क्षेत्रों में सड़क, बिजली और पानी की पर्याप्त व्यवस्था जैसे अनेकों काम आज गतिमान हैं जिससे पंडरिया विधानसभा की तस्वीर बदल रही है। पंडरिया विधायक भावना दीदी को दिल से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी ओर सरपंच संघ अध्यक्ष ललित चंद्रवंशी ने कहा की गरीबों , किसानों ओर सभी परिवार में पंडरिया सेवा सदन रायपुर में खुलने से खुशी की लहर फैल गई है ।

# जय हनुमान ज्ञान गुन सागर का पाठ, जयकारे के साथ निकली शोभा यात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 4 अप्रैल।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया हनुमान प्रकटोत्सव शाम 6 बजे दरबार में पुजा पाठ करके शुरु किया गया शोभा यात्रा सभी माताए बहनो भाईयो ने केशर ईया रंग के साड़ी एवं टी शर्ट पहन कर हांथो मे झंड़ा पताका लिए हुए जय हो बजरंगबली बजरंग बली एवं जय हनुमान ज्ञान गुन सागर के नारे लगाते हुए बाजे गाजे के साथ चल रहे थे दोपहर 3 बजे से प्रसाद वितरण किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया गया यह शोभायात्रा बजरंग पारा बजार चौक मेन गली शितला पारा कर्मा मंदिर से बम्ल ई पारा होते गोल्डन चौक से महावीर उद्यान पहुंच कर गदाधारी हनुमान जी की सभी भक्तों ने मिलकर पुजा पाठ करके फिर पताका फहराया गया आगे दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया



कि महावीर उद्यान से सभी भक्तों ने दरबार पहुंचे फिर रात्रि 10 बजे से छत्तीसगढ़ के मशहूर नाच पार्टी श्री राधा कृष्ण नाच पार्टी धुर्रे बंजारी वाले का कार्यक्रम का लाभ उठाएं नाच मे शिक्षा प्रदत कौमिक दिखाए गए गांव को शुद्ध स्वक्ष एवं शराब मोबाइल से बच्चे लोग आज कैसे बिगड़ रहे है यह कौमिक देखकर सभी भक्तों ने भाव विभोर हो गया नाच रात्रि 10 बजे से सुरू होकर सुबह 6 बजे तक चलता रहा सभी भक्तों ने नाच पार्टी का कौमीक देखकर सहराया गया इस दौरान मुख्य रूप से शामिल रहे दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी विनोद साहू जी राजू यादव नंद पंडा जी मनसुखा साहू मनोज पटेल रोमनाथ साहू बबलू गज्जू रायपुरीहा जीवराखन ठेकेदार बाबू लाल साहू दिनेश साहू मारियल साहू वासुदेव स्प्रे पुर्व उपसरपंच कुंभकरण पटेल मुनना गंधर्व सुनील पेटर एम लाल देवांगन कल्याण देवांगन ललित साहू रोशन साहू डॉ धनेशवर साहू रोहित झब्बू साहू दिनेश यादव रामु यादव ओमकार साहू टीकम गुमान साहू शिवचरण साहू बिरेंद्र साहू चीन्टू भोलू खिलेशवर साहू सुंदर सपरे चन्द्र कांत देवांगन कल्याण देवांगन श्री मति बबीता साहू ललिता यादव सुनीता साहू मितानिन कौशिलया सेन रुखमणि साहू पार्वती मंडलिन प्रभा साहू देवश्री अंजु देवांगन संगीता सपरे उपसरपंच टिकेशवरी साहू लक्ष्मी साहू हितेश पटेल नीरा साहू मुंगा सपरे गीता देवांगन मंजू साहू पुष्पा देवांगन दुर्गा साहू कु वेदू साहू कु सुरुचि छोटी कु डिंपल साहू कु नेहा साहू कु पुजा साहू एवं गांव के गणमान्य नागरिक एवं बाहर से आए भकत गण इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल रहे यह जानकारी दरबार प्रति निधी चन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू जी ने दी।

# पोंडी में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव, भव्य शोभा यात्रा निकली



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,4 अप्रैल।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर पोंडी नगर में श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य आयोजन किया गया। मां शीतला मंदिर समिति के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में नगरवासियों की बड़ी सहभागिता देखने को मिली कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मोहल्लों में श्रद्धालुओं के लिए शरबत एवं प्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया, जहां लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके पश्चात हनुमान गार्डन पोंडी में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा । चालीसा पाठ के बाद भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु भगवान हनुमान के जयकारों के साथ शामिल हुए। शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी और अंत में हनुमान गार्डन में हनुमान चालीसा पाठ कर इसका समापन किया गया पूरे आयोजन के दौरान भक्तिभाव, उल्लास और सामाजिक एकता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला आयोजन ने नगर में धार्मिक आस्था का सशक्त संदेश दिया । मां शीतला मंदिर समिति अध्यक्ष जयराम साहू ने बताया की हमारे यहां हर वर्ष की भांति हनुमान जन्मोत्सव एवं अनेक धार्मिक आयोजनों होता आ रहा है ओर हजारों श्रद्धालु शामिल होते है ओर हमारे यहां साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ दो सालों से हो रही है । दिलीप श्रीवास्तव, सुशील यादव, रामफल चंद्रवंशी, वेद साहू, दीपेश साहू, प्रकाश साहू, सुनील गोस्वामी, कान्हा गुप्ता, विजय साहू, रवि निषाद, दुर्गेश यादव, अनिल मानिकपुरी, दिलीप यादव, सहित सभी सनातनी प्रेमी शोभा यात्रा में शामिल हुए ।

### ईद मिलन समारोह का आयोजन

**भिलाई, 4 मार्च।** सामाजिक और धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ईद मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम आज शनिवार 4 अप्रैल को शाम 7 बजे आयोजित होगा। समारोह की अध्यक्षता नौशाद उसमान करेंगे, जो एक्जीक्यूटिव इस्लामिक इंफॉर्मेशन सेंटर, महाराष्ट्र से जुड़े हैं। कार्यक्रम में विभिन्न धर्मों और समाजों के प्रमुख व्यक्तित्व मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जिनमें ज्ञानी प्रवीण सिंह, रेव. फादर सबु जोसेफ, भन्ते शील रतन और विनोद वासनिक प्रमुख हैं। इसके अलावा बीके आशा, बी एल. कुर्रे, एस.के. केफकर और एसपी सिंह भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

# जन्मोत्सव पर खेड़ापति हनुमान मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने की पूजा, भंडारा में प्रसाद ग्रहण किए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 4 अप्रैल।** सशस्त्र नक्सलवाद की समाप्ति के ऐतिहासिक संकल्प की पूर्ति के उपलक्ष्य में कबीरधाम जिले के सिद्ध श्री खेड़ापति हनुमान महाराज मंदिर प्रांगण में श्रद्धा, आस्था एवं उल्लास के साथ हनुमंत भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित होकर भगवान श्री खेड़ापति हनुमान जी महाराज के दर्शन-पूजन कर प्रदेश में शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की तथा भंडारा प्रसाद ग्रहण किया । भंडारा आयोजन में उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि शर्मा एवं उनके पुत्र अभिनव शर्मा द्वारा स्वयं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस



अवसर पर कबीरधाम पुलिस अधीक्षक श्री धमेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र बघेल, डीएसपी श्री भूपत सिंह, श्रीमती अंजु कुमारी, श्री कृष्णा चंद्राकर, श्री आशीष शुक्ला तथा कोतवाली थाना प्रभारी श्री योगेश कश्यप सहित अन्य अधिकारियों ने भी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कर सहभागिता निभाई एवं प्रसाद ग्रहण किया । ओंकार साहू , नरेंद्र मानिकपुरी , श्रीकांत उपाध्याय , पत्रकार शैलेन्द्र उपाध्याय , पत्रकार तरुण छत्तीसगढ़ पत्रकार संजीव मिश्रा , कमलेश तिवारी सहित हजारों श्रद्धालुओं ने की पूजा ओर भंडारा मे शामिल हुए । कार्यक्रम में भगवान श्री खेड़ापति हनुमान जी महाराज का विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेश में स्थायी शांति, सुरक्षा, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की गई। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति, श्रद्धा एवं उत्साह का वातावरण बना रहा। भंडारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई, जिससे सामाजिक एकता, सौहार्द एवं जन-समरसता का सशक्त संदेश प्रसारित हुआ।

### दिव्यांग बच्चों के भजनों ने श्रोताओं का मन मोहा

**भिलाई, 4 मार्च।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर टंकी मरोदा (फटाखा मैदान) में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्वर्गीय रोहित नायक मुना की स्मृति में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलवार सुबह विधि-विधान से हवन-पूजन के साथ हुई। श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की। आयोजन स्थल पर स्थापित 25 फीट ऊंची हनुमान जी की भव्य प्रतिमा श्रद्धा का प्रमुख केंद्र रही। कार्यक्रम का सबसे विशेष आकर्षण दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत भजन रहे। बच्चों की मधुर आवाज और भक्ति भाव से वातावरण भक्तिमय हो गया।

# दुर्ग के विकास को मिली रफ्तार, सड़क चौड़ीकरण के दो बड़े प्रोजेक्ट मंजूर

**दुर्ग, 4 अप्रैल।** नगर पालिक निगम/महापौर अल्का बाघमार ने बताया कि 01 अप्रैल 2026,छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने दुर्ग शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सड़क चौड़ीकरण के दो बड़े कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।उन्होंने कहा कि ये दोनों कार्य मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट प्रावधान में शामिल हैं, जिनसे शहर के यातायात और विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, उरला मुख्य मार्ग से प्रस्तावित एस.टी.पी. (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) तक सड़क चौड़ीकरण कार्य के लिए कुल 297.04 लाख रुपये (लगभग 2.97 करोड़) की स्वीकृति दी गई है। इस परियोजना में कंसल्टेंसी शुल्क 2.93 लाख रुपये निर्धारित किया गया है। यह मार्ग शहर के महत्वपूर्ण हिस्सों को जोड़ता है, जिससे इस सड़क के चौड़ीकरण के बाद यातायात का दबाव कम होगा और आवागमन सुगम होगा।उन्होंने कहा कि वहीं दूसरी और अधिक व्यापक परियोजना के तहत गुण्डस्देही रोड से गौठान, प्रधानमंत्री आवास (ए.एच.पी.) कॉलोनी, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय होते हुए पोटिया चौक तक सड़क चौड़ीकरण कार्य के लिए कुल 1363.52 लाख रुपये (लगभग 13.63 करोड़) की प्रशासकीय मंजूरी प्रदान की गई है। इस परियोजना में 12.89 लाख रुपये कंसल्टेंसी शुल्क तय किया गया है।

# प्लेट मिल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में रचा इतिहास, स्थापित किए नए मानक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 4 मार्च।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र की प्लेट मिल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की। वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्पादन, डिस्पैच तथा परिचालन दक्षता के विभिन्न प्रमुख मानकों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज कर प्लेट मिल ने संयंत्र की समग्र उत्पादन क्षमता को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वार्षिक प्रदर्शन के अंतर्गत प्लेट मिल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 6,37,118 टन का अब तक का सर्वाधिक डायरेक्ट डिस्पैच हासिल किया, जो वित्तीय वर्ष 2022-23 के 5,97,455 टन के पिछले रिकॉर्ड को पार करता है। यह उपलब्धि परिचालन उत्कृष्टता, प्रभावी समन्वय तथा टीम वर्क का सशक्त उदाहरण है। मार्च 2026 के दौरान प्लेट मिल ने 1,46,554 टन रोल्ड एवं फिनिश्ड प्लेट्स का अब तक का सर्वाधिक उत्पादन दर्ज किया, जो इससे पूर्व मार्च 2014 में प्राप्त 1,39,538 टन के रिकॉर्ड से अधिक है। इसी क्रम में कुल फिनिश्ड प्लेट्स उत्पादन में भी 1,34,042 टन के नया रिकॉर्ड बना, जिसने मार्च 2014 के 1,26,920 टन के पूर्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। डिस्पैच के क्षेत्र में भी प्लेट मिल ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए मार्च 2026 में 1,36,020 टन का सर्वाधिक मासिक कुल डिस्पैच दर्ज किया, जो मार्च 2011 के 1,28,445 टन के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है। लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की गई, जहाँ सड़क मार्ग से डिस्पैच 16,368 टन तक पहुँच गया, जो फरवरी 2026 के 12,174 टन के पूर्व उच्चतम स्तर से कहीं अधिक है।



# बीआरएम में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का समापन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 4 मार्च।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एवं रॉड मिल विभाग में मार्च के अंतिम सप्ताह में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह आयोजित किया गया। सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष योगेश शास्त्री द्वारा किया गया एवं समापन समारोह के अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक डी. सतपथी एवं मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री की उपस्थिति रही। इस सुरक्षा जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम का प्रारंभ सामूहिक सुरक्षा शपथ के साथ हुआ, जिसके माध्यम से सभी कर्मियों ने सुरक्षित कार्य व्यवहार को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ठेका कर्मी श्रीमती भानबाई द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात विभागीय सुरक्षा अधिकारी शशांक शर्मा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का सुरक्षा प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विभाग में संचालित विभिन्न सुरक्षा पहलों एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। अध्यक्षीय उद्बोधन में मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री ने सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्पष्ट कहा कि सुरक्षा से समझौता करके एक टन का भी उत्पादन स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सुरक्षा को अपनी कार्यशैली एवं जीवनशैली में आत्मसात करने का आह्वान किया। सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें संविदा श्रमिकों एवं बीएसपी कर्मचारियों हेतु भी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं अग्निशमन विभाग द्वारा अग्निशमन यंत्रों का सजीव प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे श्रमिक आपात स्थिति में प्रथम प्रत्युत्तरकर्ता के रूप में प्रभावी भूमिका निभा सकें। इस दौरान राष्ट्रीय व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सलाहकार बोर्ड के दिनेश ग्वाल द्वारा प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया।

# जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय द्वारा सीपीसीआर प्रशिक्षण आयोजित




**भिलाई, 4 मार्च।** जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र के एनेस्थीसियोलॉजी विभाग द्वारा सेव अ लाइफ अभियान के अंतर्गत 01 अप्रैल को ओपीडी कॉम्प्लेक्स में हैंड्स-ओनली सीपीसीआर (कार्डियो-पल्मोनरी सेरेब्रल रीससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों 7 वर्ष के बच्चों से लेकर 80 वर्ष तक के वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हृदयाघात के शुरुआती कुछ मिनट अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं और ऐसे समय में प्रशिक्षित व्यक्ति ही जीवन एवं मृत्यु के बीच निर्णायक भूमिका निभा सकता है। प्रशिक्षण सत्र का संचालन एनेस्थीसियोलॉजी विभाग की विशेषज्ञ टीम डॉ. कुमुदनी एवं डॉ. जयिता सरकार द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों को मैनक्विन के माध्यम से छाती पर सही गति एवं गहराई से दबाव देने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। सत्र के दौरान आपात स्थिति की पहचान, त्वरित प्रतिक्रिया की प्रक्रिया तथा सामान्य भ्रांतियों को दूर करने पर भी विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## दिग्गज नेताओं ने खुलकर की मोदी की विदेश नीति की तारीफ

### ईरान युद्ध, एलपीजी संकटपर अलग-थलग पड़ गए राहुल

**नईदिल्ली,4 अप्रैल।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी भले ही मोदी सरकार की विदेश नीति को विफल साबित करने के लिए लगातार बयानबाजी कर रहे हों, लेकिन उनकी ही पार्टी के अनुभवी और कूटनीति समझने वाले दिग्गज नेता अब खुलकर इस नैरेटिव को ध्वस्त करते नजर आ रहे हैं। वह न केवल मोदी सरकार की रणनीति और संतुलित कूटनीति की सराहना कर रहे हैं, बल्कि यह भी संकेत दे रहे हैं कि जमीनी सच्चाई कुछ और ही है। यह महज साधारण मतभेद नहीं, बल्कि कांग्रेस के भीतर गहराती वैचारिक दरार का खुला प्रमाण है, जहां एक तरफ राहुल गांधी राजनीतिक एजेंडा साधने में लगे हैं, वहीं दूसरी ओर सत्ता और वैश्विक कूटनीति का अनुभव रखने वाले नेता राष्ट्रहित को प्राथमिकता देते हुए सच के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं।

पूर्व विदेश मंत्री आनंद शर्मा ने जिस स्पष्टता और दृढ़ता से मोदी सरकार की कूटनीति को परिपक्व और कुशल बताया है, उसने पूरी बहस को नया मोड़ दे दिया है। उन्होंने साफ कहा है कि भारत ने इस संकट में जिस संतुलन का परिचय दिया है, वही असली कूटनीति है। उन्होंने कहा है कि



झुकना या किसी एक पक्ष की तरफ झुकाव दिखाना भारत जैसे देश के लिए खतरनाक हो सकता था। आनंद शर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल कूटनीतिक नहीं बल्कि मानवीय भी है। खाड़ी देशों में काम कर रहे लाखों भारतीयों की सुरक्षा सर्वोपरि है। ऐसे में संतुलित नीति ही एकमात्र रास्ता है। उन्होंने भारतीय राजनयिकों की भी जमकर तारीफ की और कहा कि वह तिरंगे को ऊंचा रखकर देशवासियों की रक्षा कर रहे हैं। यह बयान उस सोच को मजबूत करता है कि जमीन पर काम करने वाले लोग ही असली नायक होते हैं, न कि केवल बयानबाजी करने वाले नेता।

इससे पहले शशि थरूर और मनीष तिवारी भी इसी लाइन पर बोल चुके हैं। मनीष तिवारी ने तो साफ कहा कि यह भारत का युद्ध नहीं है और सरकार ने रणनीतिक स्वायत्तता का सही परिचय दिया है। उन्होंने यह भी माना कि ऊर्जा सुरक्षा, उर्वरक आपूर्ति और क्षेत्र में बसे करोड़ों भारतीयों के हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार सही दिशा में आगे बढ़ रही है।दूसरी तरफ कांग्रेस के कुछ नेता अब भी सरकार पर हमला करने से बाज नहीं आ रहे हैं। पवन खेड़ा ने जहां भारत की वैश्विक भूमिका पर सवाल उठाए, वहीं जयराम रमेश ने इसे कूटनीतिक विफलता तक बता दिया। लेकिन सवाल यह है कि जब उनकी ही पार्टी के अनुभवी और अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार नेता सरकार की नीति को सही बता रहे हैं, तो क्या यह आलोचना केवल राजनीतिक मजबूरी बनकर रह गई है?कुल मिलाकर देखा जाए तो यह पूरा घटनाक्रम कांग्रेस के भीतर की असहज सच्चाई को उजागर कर रहा है। एक तरफ राहुल गांधी की आक्रामक आलोचना है, दूसरी तरफ उन्हीं की पार्टी के अनुभवी नेताओं की संतुलित और व्यावहारिक सोच है। यह टकराव आने वाले समय में और गहरा सकता है।

## चुनाव बाद 'वामपंथ' नहीं बचेगा: राहुल

**त्रिवेन्द्रम,4 अप्रैल।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) पर अपनी मूल विचारधारा को त्यागने का आरोप लगाया और कहा कि आगामी चुनावों के बाद एलडीएफ में कुछ भी वामपंथी नहीं बचेगा। 4 अप्रैल को केरल के अलाप्पुझा में एक जनसभा में बोलते हुए गांधी ने एलडीएफ की सिद्धांतों से समझौता करने के लिए आलोचना की। उन्होंने कहा कि एलडीएफ कई सालों से हमारे विरोधी रहे हैं, हमने उनसे लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ते रहेंगे। लेकिन कई सालों तक वे कुछ ऐसे विचारों के लिए खड़े रहे जिनसे हम सहमत नहीं थे, और हमने उन्हीं विचारों के आधार पर उनका विरोध किया। लेकिन वे किसी बात के लिए खड़े थे, और उसी के प्रतीक के रूप में उनके संगठन के नाम में 'वामपंथी' शब्द है। राहुल ने सवाल किया कि एलडीएफ का मतलब क्या है? वाम लोकतांत्रिक मोर्चा। सच कहूं तो, वाम मोर्चे में कुछ भी 'वामपंथी' नहीं है, और चुनाव के बाद वाम मोर्चे में कुछ भी 'वामपंथी' नहीं बचेगा। गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और वामपंथी दल (एलडीएफ) के बीच सांठगांठ का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि केरल की सांप्रदायिक सरकार को एक गुप्त शक्ति प्रभावित कर रही है, जो उनके अनुसार संविधान को नकारती है और जनता पर हमला



करती है।उन्होंने कहा कि मंच पर बैठे नेता को जो बात परेशान कर रही है, वह यह है कि उनकी नीतियां अब वामपंथी नहीं रहीं। उन्हें और वाम मोर्चे के कई कार्यकर्ताओं को जो बात परेशान कर रही है, वह यह है कि आज एलडीएफ सरकार को एक गुप्त शक्ति चला रही है। यह गुप्त शक्ति सांप्रदायिक है, भारत के संविधान को स्वीकार नहीं करती, भारत की जनता को बांटती है, उन पर हमला करती है, उन्हें अपमानित करती है, और केरल में हर कोई देख सकता है कि अब भाजपा, आरएसएस और वाम मोर्चे (सीपीएम) के बीच संबंध है।

### रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

**भिलाई,4 अप्रैल।** रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर एक शख्स ने बेरोजगार युवक से 7 लाख रुपए की ठगी कर ली शिकायत पर नेवई थाने पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है आरोपी सतीश कुमार मरकाम पिता भीषम लाल पाटन क्षेत्र के खोरपा गांव का रहने वाला है नेवई टीआई अनिल साहू ने बताया कि प्रार्थी ने नेवई थाने आकर सतीश कुमार मरकाम पिता भीषम लाल निवासी ग्राम खोरपा पाटन जिला दुर्ग के द्वारा रेलवे में बड़े-बड़े अधिकारियों से जान पहचान का हवाला देकर रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर 07 लाख रूपये लेकर धोखाधड़ी किया गया है नौकरी नहीं लगने पर प्रार्थी द्वारा पैसा वापस मांगने पर आरोपी सतीश कुमार मरकाम टाल मटोल करता है जिसके लिखित आवेदन पर धारा 420 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया विवेचना के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया

### आकाशीय बिजली गिरने से अधेड़ की मौत

**कवर्धा,4 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में तेज गरज-चमक और बेमौसम बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से एक अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना कबीरधाम जिले के पिपरिया थाना क्षेत्र के मिरमिटी गांव की है। मृतक की पहचान नेन सिंह धुर्वे के रूप में हुई है, जो मध्यप्रदेश के हर्राटोल थाना मोतीनाला का निवासी था। वह गुजरात से आए भेड़ व्यापारियों के साथ मजदूरी का काम करता था। बताया जा रहा है कि नेन सिंह अपने साथियों के साथ रोज की तरह भेड़-बकरियां चराने गया था। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हो गया और तेज बारिश के साथ बिजली कड़कने लगी। बारिश से बचने के लिए वह पास के एक पेड़ के नीचे खड़ा हो गया, जहां आकाशीय बिजली गिरी।

### राघव चड्ढा को दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास में मुर्गा बनाकर पीटा गया था

**नई दिल्ली,4 अप्रैल।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को लेकर एक नई बात सामने आई है। हरियाणा आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नवीन जयहिंद ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर आरोप दावा किया है कि अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री आवास 'शीशमहल' में राघव चड्ढा के साथ मारपीट की गई थी। नवीन जयहिंद ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर कहा कि राघव चड्ढा दिल्ली और पंजाब के बड़े राजदार हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब केजरीवाल के मुख्यमंत्री आवास 'शीशमहल' में राघव चड्ढा को 'मुर्गा' बनाकर पीटा गया था, तब वो चुप क्यों थे। नवीन राजदार ने सोशल मीडिया X पर अपनी एक वीडियो पोस्ट कर कहा है कि.. तो आप की आँख में चोट लगी जो इंग्लैंड में जाके ठीक हुई जब आसुओं का सैलाब आया था, आपसे हिम्मत वाली तो महिला सांसद निकली जिसने लोगो को कुछ पिटाई का तो बताया, हिम्मत दिखाओ राघव लोगो को बताओ" नवीन का दावा है कि उस दौरान राघव की आँखों में चोट लगी थी, जिसका इलाज राघव ने इंग्लैंड जाकर करवाया था।



## आर्थिक संकट के बीच पाकिस्तान को झटका

**करांची,4 अप्रैल।** पहले से ही गंभीर आर्थिक बदहाली से जूझ रहे पाकिस्तान की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। संयुक्त अरब अमीरात ने पाकिस्तान को दिए गए 2 अरब डॉलर (लगभग 17,000 करोड़ रुपये से अधिक) का कर्ज तुरंत चुकाने की मांग की है। शुक्रवार को आई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तान सरकार ने इस महीने के अंत तक यह भारी-भरकम राशि लौटाने का फैसला किया है। सूत्रों के अनुसार, यूएई ने यह राशि पाकिस्तान को भुगतान संतुलन के समर्थन के लिए प्रदान की थी और यह हाल तक आगे बढ़ाई जा रही थी। यूएई ने हाल ही में पश्चिम एशिया की स्थिति और अमेरिका-इजराइल के ईरान के साथ युद्ध के मद्देनजर यह पैसा तुरंत वापस मांगा है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, यह राशि स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के पास सुरक्षित जमा के तौर पर रखी गई थी। पाकिस्तान यह रकम इस महीने के अंत तक यूएई को लौटा देगा। पाकिस्तान के लिए यह समय बेहद चुनौतीपूर्ण है। 2 अरब डॉलर की इस निकासी से पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार में बड़ी गिरावट आ सकती है। मुद्रा का अवमूल्यन: विदेशी मुद्रा भंडार घटने से पाकिस्तानी रुपया और कमजोर हो सकता है। महंगाई: डॉलर की कमी से आयात महंगा होगा, जिससे जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ेगा। पाकिस्तान ने इस महीने के अंत तक कर्ज चुकाने की प्रतिबद्धता जताई है, लेकिन सवाल यह है कि वह इस भारी वित्तीय अंतर को कैसे भरेगा। पश्चिम एशिया के युद्ध ने न केवल मानवीय संकट पैदा किया है, बल्कि पाकिस्तान जैसे कर्ज पर निर्भर देशों की अर्थव्यवस्थाओं के लिए भी 'खतरे की घंटी' बजा दी है।

**यूएई ने वापस मांगे 2 अरब डॉलर**

## जेईई मेंस की परीक्षा में पकड़ाया मुन्नाभाई

**भिलाई,4 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

जेईई मेंस की परीक्षा दिलाने एक युवक चप्पल में मोबाइल फोन छिपाकर आया था। बायो ब्रेक के दौरान वाशरूम से लैब की ओर वापस जाते समय यह परीक्षार्थी घसीट कर चल रहा था उसके चलने के तरीके से गार्ड को संदेह हुआ और चप्पल को उतरवाकर जांच की। जांच में पता चला कि चप्पल को काटकर मोबाइल फोन छुपाया गया है। शिकायत पर पुरानी भिलाई थाने पुलिस ने परीक्षार्थी को गिरफ्तार कर अपराध दर्ज किया है। हाईटेक तरीके से नकल करते पकड़ा गया आरोपी आदित्य कुमार पिता अनिल कुमार ( 20 साल ) मकान नं 11 मस्तान पारा सुकमा का रहने वाला है सिरसाकला भिलाई -3 स्थित पार्थिवी इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट कॉलेज में दो अप्रैल को जेईई मेंस की परीक्षा आयोजित थी। जिसमें प्रथम पाली में एक परीक्षार्थी आदित्य कुमार के पास परीक्षा के दौरान बायो ब्रेक के पश्चात उसकी चप्पल में मोबाइल पाया गया। परीक्षार्थी की एंट्री सुबह 8.25 बजे हुई ,जिसमें सुरक्षा गार्ड राजेश कुमार सिंह ने उसकी मेटल डिटेक्टर से जांच की। परीक्षार्थी ने अपनी जांच से पहले ही चप्पल उतार दी थी। फिर उसकी जांच हुई वहां से वह दूसरे फ्लोर में स्थित लेब 12 ए में सुबह 8.35 बजे एंटर हुआ और उसका रजिस्ट्रेशन 8.40 बजे पूरा हुआ। रजिस्ट्रेशन के पश्चात उसे सिस्टम नंबर सी 094 प्राप्त हुआ। सुबह नौ बजे से परीक्षार्थी का एग्जाम शुरू हुआ परीक्षार्थी ने 11.08 बजे बायो-ब्रेक ( वाश रूम) के लिए गया और वहां से वह 11.28 बजे वाशरूम से बाहर निकला। वाशरूम से निकलने के बाद उसकी फिर से मेटल डिटेक्टर से सुरक्षा गार्ड ओमेंद्र कुमार ने जांच की लेकिन फिर से परीक्षार्थी ने अपनी चप्पल जांच से पहले ही निकाल दी और फिर उसने अपनी जांच करायी। जब वह वाशरूम से अपनी लैब की ओर वापस जा रहा था तब सुरक्षा गार्ड को उसकी चलने के तरीके से शक हुआ वो अपनी चप्पल को घसीट के चल रहा था। तब सुरक्षा गार्ड ओमेंद्र कुमार ने उसकी चप्पल की जांच की, जिसमें चप्पल को काटकर उसके अंदर मोबाइल फोन छुपाया गया था। जैसे ही सुरक्षा गार्ड को पता चला उसने कमाडिंग आफिसर अजीत वर्मा ,एडमिन मैनेजर विक्रम ठाकुर, एटीए आब्जर्वर अमित सिंह ठाकुर और ईवाय आब्जर्वर मनीष कुमार को सूचित किया। प्रार्थी अजीत वर्मा ने बताया कि पूरे घटनाक्रम की जानकारी प्रबंधन को दी गई, प्रबंधन ने पुलिस को फोन करने और एफआइआर दर्ज कराने के लिए कहा। इसके बाद डायल 112 को फोन कर बुलाया गया। डायल 112 में तैनात पुलिस टीम परीक्षार्थी आदित्य कुमार को अपने साथ पुरानी भिलाई थाना लेकर आई। इसके बाद कमाडिंग आफिसर अजीत वर्मा और सुरक्षा गार्ड ओमेन्द्र कुमार ने थाने में जाकर घटना के संबंध में सारी जानकारी दी और परीक्षार्थी के पास मिले अनुचित साधन मोबाइल फोन को जमा कराया। मामले में पुलिस ने आरोपित परीक्षार्थी आदित्य कुमार के खिलाफ छत्तीसगढ़ सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 2008( अनुचित साधनों का निवारण) की धारा 9 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है

**चप्पल के अंदर छिपाकर परीक्षा केंद्र ले गया था मोबाइल**

## अनियंत्रित कार कुएं में गिरी, एक ही परिवार के 9 सदस्यों की मौत

**नासिक,4 अप्रैल।** महाराष्ट्र के नासिक जिले के दिंडोरी तालुका में देर रात एक भीषण सड़क दुर्घटना ने पूरे इलाके को



सदमे में डाल दिया। एक मारुति XL6 कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित पानी से भरे कुएं में जा गिरी, जिसमें सवार नौ लोगों की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के नौ सदस्य शामिल थे। हादसा शुक्रवार रात करीब 10 बजे डिंडोरी शहर के शिवाजी नगर इलाके में हुआ। पुलिस के अनुसार, पीड़ित लोग डिंडोरी तालुका के इंदौर गांव के दरगुडे परिवार के सदस्य थे। मृतकों की पहचान सुनील दत्तु दरगुडे (32), उनकी पत्नी रेशमा, आशा अनिल दरगुडे (32) और परिवार के छह बच्चों के रूप में हुई है; इन बच्चों में सात से 14 साल की उम्र की पांच लड़कियां और 11 साल का एक लड़का शामिल है। परिवार वाले एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे थे। जो रात के अंधेरे में अचानक चालक का वाहन पर से नियंत्रण छूट गया और कार सीधे सड़क किनारे बने गहरे कुएं में गिर पड़ी। पानी भरा होने के कारण बचाव कार्य और भी चुनौतीपूर्ण हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, प्रशासन और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंच गईं। देर रात तक चले बचाव अभियान में कड़ी मशक्कत के बाद कार और शवों को कुएं से बाहर निकाला गया। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दिंडोरी पुलिस ने मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में वाहन से नियंत्रण खोना मुख्य कारण बताया जा रहा है, लेकिन पुलिस रोड कंडीशन, वाहन की स्पीड और अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है। प्रशासन ने कहा है कि जांच पूरी होने के बाद हादसे के सही कारण सामने आएंगे।



**रायपुर,4 अप्रैल।** विदेश मंत्री एस जयशंकर आज रायपुर पहुंचे यहां उनका आत्मीय स्वागत किया गया। वे आज रायपुर स्थित इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### अपार्टमेंट की लिफ्ट में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**रायपुर,4 अप्रैल।** खमतराई थानाक्षेत्र स्थित डाल्फिन ज्वेलो अपार्टमेंट में शनिवार को अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग अपार्टमेंट की लिफ्ट में लगी, जिससे धुआं तेजी से पूरे परिसर में फैल गया। घटना के वक्त कई लोग अपने घरों में मौजूद थे, लेकिन समय रहते सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, लिफ्ट से पहले धुआं निकलता दिखाई दिया, जिसके बाद कुछ ही देर में आग भड़क उठी। मौके पर मौजूद सिक्योरिटी गार्ड ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए कॉलोनीवासियों को अलर्ट किया और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए।

### प्रथम खेलो इंडिया, ट्राइबल गेम्स-2026: छत्तीसगढ़ में सफलतापूर्वक सम्पन्न

## भारत के खेल राजदूत बनेंगे ये उदयीमान खिलाड़ी

✍ **जसवंत क्लाडियस, तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

एक सच्चे देशभक्त के लिए उचित है कि वह अपने वतन को मानव सभ्यता के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ता हुआ देखे। विज्ञान, कृषि, साहित्य, संचार, स्वास्थ्य, शिक्षा, संगीत, नृत्य आदि क्षेत्रों में भारत ने स्वतंत्रता के पश्चात बहुत कुछ पाया है। लेकिन अभी बहुत कुछ पाना बाकी है। विशेषकर खेलकूद क्षेत्र में भारत को अभी विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदेश करना बाकी है। हमारे देश में खेल व खिलाडिय़ों के हित में कई योजनाएं, नीतियां लाई गई है परंतु उससे गिनी चुनी विश्व स्तरीय खेल प्रतिभाएं ही निकल सकी। मुझे यह लिखते हुए गर्व हो रहा हे कि खेलकूद को उचित सम्मान देने और भारत को विश्व मंच पर स्थापित करने का बीड़ा अगर किसी ने उठाया है तो वे हैं हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी। इसका प्रमाण है कि उन्होंने मई 2014 में प्रधानमंत्री के पद पर आसीन होते ही भारत के खेलकूद मंत्रालय की जिम्मेदारी खेलकूद की दुनिया से पहली बार राजनीति में कदम रखने वाले 2004 के ओलंपिक खेलों में भारत के लिए निशानेबाजी में रजत पदक जीतने वाले लेफ्टिनेंट कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर जैसे व्यक्तित्व को सौंप दिया। हो सकता है उस समय तो इस निर्णय को बहुत ही हल्के में लिया गया होगा और कई लोग यह सोचते रह गए होंगे कि उनकी नियुक्ति से कुछ नहीं होने वाला लेकिन समय, विचार तेजी से बदलते हैं। केंद्र में 21वीं सदी में सत्ता में पहली बार आए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार ने आज पूरे भारत में खेल व खिलाडिय़ों की तकदीर व तस्वीर बदल दी है। भारत के पूर्व महान खिलाडिय़ों में से एक राज्यवर्धन राठौर के नेतृत्व साथ ही भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में वर्ष 2017/18 से खेलो इंडिया नामक एक कार्यक्रम शुरू किया गया जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर से खेल प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें राष्ट्रीय-अतर्राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं के लिए तैयार करना और खेलों के लिए बुनियादी अधोसंरचना तैयार करना है. अब तक केंद्र सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा 6200 करोड़ रुपये खेलों इंडिया कार्यक्रम आबंटित किए जा चुके हैं। इन दिनों पूरे भारत में खेल का माहौल बन रहा है। माननीय प्रधानमंत्री के 2036 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के भारत में आयोजन को ध्यान में रखते हुए ओलंपिक में शामिल 28 खेल और कुछ लुप्तप्राय, प्राचीन खेलों की प्रतियोगिताएं भारतीय खेल प्राधिकरण की देखरेख में पूरे देश में इंडिया यूथ गेम्स, यूनिवर्सिटी गेम्स, विंटर गेम्स, बीच गेम्स आदि का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए विगत 25 मार्च से 3 अप्रैल तक छत्तीगसढ़ में प्रथम खेलों इंडिया ट्राइबल गेम्स का आयोजन हुआ। इसमें तैराकी, फुटबाल, हाकी, तीरंदाजी, भारोत्तोलन, कुश्ती, मलखंब, एथलेटिक्स के मुकाबले, रायपुर, जगदलपुर तथा अंबिकापुर में संपन्न इस स्पर्धा में देश के विभिन्न राज्यों के अनुसूचित जनजाति वर्ग के अनेक खिलाड़ी उभरकर आये हैं। अभी स्पष्ट नहीं है कि विजेता प्रतिभागियों में कितने खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के कीर्तिमान के कितने करीब हैं परंतु ऐसे खिलाड़ी ज़रूर हैं जिनको उचित देखभाल, सुविधा और प्रशिक्षण मिलने से वे विदेश में भारत का नाम रौशन करने की क्षमता रखते हैं। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने घोषणा की है कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स अगले तीन वर्षों तक छत्तीसगढ़ में ही सम्पन्न होंगे। इस निर्णय से छत्तीसगढ़ प्रदेश में खेलकूद का वातावरण नये सिरे से बनेगा तथा बस्तर व सरगुजा जैसे अनुसूचित क्षेत्रों से खेल की ऐसी प्रतिभाएं निकलेंगी जो राज्य का नाम विश्व स्तर पर कर सकेंगी।

### दुर्ग के हटरी बाजार में दिनदहाड़े ठगी

**दुर्ग,4 अप्रैल।** शहर के सबसे व्यस्ततम इलाकों में से एक हटरी बाजार में ठगों ने एक बुजुर्ग महिला को अपनी चालाकी का शिकार बनाया है। ठगों ने नोटों की गड्डी का लालच दिखाकर बालोद निवासी 68 वर्षीय महिला के करीब 1.50 लाख रुपये मूल्य के सोने के जेवर पार कर दिए। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित महिला लक्ष्मी जैन, निवासी डौंडी (बालोद), मंगलवार दोपहर करीब 2:30 बजे हटरी बाजार स्थित प्रदीप ग्रीन स्टोर के पास खड़ी थीं। इसी दौरान एक महिला और दो युवक उनके पास आए। ठगों ने महिला को कागज के बंडल को असली नोट बताकर अपनी बातों में उलझा लिया। शातिर ठगों ने बुजुर्ग महिला को विश्वास में लेकर उनके पहने हुए सोने के जेवर (मंगलसूत्र, चूड़ियां और अंगूठी) उतरवा लिए। उन्होंने जेवरों को एक कपड़े में बांधने का नाटक किया और बड़ी सफाई से उसे बदल दिया। इसके बाद ठगों ने महिला को सुरक्षित घर जाने की सलाह देकर एक ई-रिक्शा में बैठा दिया। जब लक्ष्मी जैन रिक्शा में बैठकर कुछ दूर आगे बढ़ीं और उन्होंने पोटली खोलकर देखी, तो उनके होश उड़ गए।

# अपराध कोई भी करे उसकी सजा तो मिलनी ही चाहिए

किसी भी प्रदेश में कितना भी रसूखदार नेता या कोई प्रभावशाली व्यक्ति हो, अगर उसने अपराध किया है तो आम लोग तो यही चाहते हैं कि उसे सजा जरूर मिलनी चाहिए ताकि कोई रसूखदार या प्रभावशाली व्यक्ति फिर कभी राज्य में वैसा अपराध न करे।अपराध करे तो यह सोच कर डरे कि अपराध करके कोई बच नहीं सकता है, अपराध किया है तो उसकी सजा तो उसे जरूर मिलेगी। न्याय में कभी कभी देरी होती है, बहुत देरी भी होती है लेकिन जब न्याय होता है तो लोगों को लगता है कि गंभीर अपराध के मामले में अदालत ने अब न्याय किया है। जिसने अपराध किया है, जिसके इशारे पर अपराध किया गया है, उसे अब जाकर सजा मिली है।जग्गी हत्याकांड में कोर्ट ने २८ लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी और अजीत जोगी पुत्र अमित जोगी को निचली अदालत ने बरी कर दिया था। तब जग्गी परिवार और राज्य के लोगों को ऐसा लगा था कि राज्य के बहुचर्चित मामले में न्याय नहीं हुआ है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता रामवतार जग्गी की ४ जून २००३ को मौदहापारा क्षेत्र में जब वह कार से घर लौट रहे थे तो गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।उस समय में राज्य में कांग्रेस की सरकार थी।मुख्यमंत्री अजीत जोगी थे।इस मामले में पहले पांच लोगों की गिरफ्तारी हुई थी तो माना गया था कि यह हत्या लूट के इरादे से की गई है।तब आरोप लगाया गया कि जांच भटकाने के लिए पांच लोगों से सरेंडर कराया गया है।सबूत मिटाए जा रहे हैं,जांच को प्रभावित किया जा रहा है।बाद में पुलिस ने राजनीतिक प्रतिद्वद्विता मानते हुए जांच की।दिसंबर २००३ में विधानसभा चुनाव हुए कांग्रेस हारी कांग्रेस की हार का एक कारण जग्गी हत्याकांड भी माना गया। भाजपा की सरकार बनी तो सीएम रमन सिंह ने मामले को गंभीरता से लिया इसे जांच के लिए सीबीआई को सौंपा गया। सीबीआई ने २००४-०५ में ३१ लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की।इसमें पूर्व सीएम अजीत जोगी के बेटे का नाम भी शामिल था।उन पर आरोप था कि हत्या की साजिश सीएम आवास और होटलों में बैठक करे रची गई थी। सीबीआई जांच में पुलिस अधिकारियों की मिलीभगत भी सामने आई और तत्कालीन थाना प्रभारी,सीएसपी आदि के खिलाफ कार्रवाई भी हुई। रामावतार जग्गी हत्याकांड छत्तीसगढ़ की राजनीति के इतिहास की पहली राजनीतिक हत्या मानी जाती है। होने वाले राजनीतिक नुकसान से बचने के लिए किसी की हत्या की साजिश रची गई और सरे आम गोली मारकर हत्या भी कर दी गई। इससे पहली बार ऐसा लगा कि राज्य के सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच कटुता कितनी गहरी हो गई थी।इससे राज्य में विपक्ष व सत्ता पक्ष के बीच जो दूरी बनी इसका एहसास तो अब भी कभी कभी होता है कि सत्ता व विपक्ष के बीच जितनी दूरी है, उतनी दूरी नहीं होनी चाहिए। इस मामले मे ट्रायल कोर्ट ने २००७ में २८ लोगों को दोषी ठहराया और अजीत जोगी के पुत्र अमित जोगी को सबूत के अभाव में बरी कर दिया।जग्गी परिवार मामले को हाईकोर्ट ले गया जहां कोर्ट ने अजीत जोगी के पुत्र और जनता कांग्रेस के अध्यक्ष अमित जोगी को दोषी करार दिया गया है। निचली अदालत ने अमित जोगी को संदेह का लाभ देते हुए बरी किया था तो हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को खारिज करते हुए हत्या की साजिश में अमित जोगी के संलिप्त होने के पर्याप्त सबूत हैं,उन्हें हत्या की साजिश का अहम हिस्सा माना है। कोर्ट का फैसला आने के बाद रामवतार जग्गी के बेटे ने कहा है कि आज मेरे पिता को न्याय मिला है।मुख्य आरोपी अमित जोगी अब जेल जाएंगे।इस दिन का लंबे समय से इंतजार था। वहीं अमित जोगी ने कोर्ट के फैसले पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि हाईकोर्ट ने महज चालीस मिनट में सीबीआई की अपील स्वीकार कर ली और उनको अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया।यह अभूतपूर्व है कि जिसे पहले अदालत ने बरी किया था उसे बिना सुनवाई के दोषी ठहरा दिया गया है।मेरे साथ अहाय हुआ है।मुझे पूरा विश्वास है कि सुप्रीम कोर्ट से मुझे न्याय मिलेगा। जग्गी हत्याकांड से कांग्रेस की बहुत बदनामी हुई थी कि कांग्रेस राजनीतिक नुकसान से डर कर अपने विरोधियों की हत्या तक करा सकती है।यहीं वजह है इस मामले में कांग्रेस की तरफ से बयान आया है कि कांग्रेस इस मामले में निष्पक्ष जांच चाहती थी,यूपीए के समय में अमित जोगी को गिरफ्तार किया गया था।

## यादें

# आओ अपने पुराने दिनों को याद करें

**किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**



वर्ष 1964 में दूर गगन की छांव में फिल्म का गीत कोई लौटा दे मेरे बीते हुए दिन सुनकर आज कई बड़े बुजुर्ग, विपत्ति पीड़ितों, दुखियारों की आंखों में आंसू आ जाते हैं और अपने बीते हुए दिनों की यादों में खो जाते हैं जो रेखांकित करने वाली बात है,इसलिए मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि हमारे आज के युवा राष्ट्र के युवाओं को इस पर मंथन करने की जरूरत है कि आखिर क्यों? वर्तमान प्रौद्योगिकी युग में भी मनीषियों द्वारा अपने पुराने दिनों को अच्छे दिन बताया जाता है। हालांकि यह गीत 1964 का है याने आज से 58 वर्ष पूर्व भी उस समय के बुजुर्गों के भाव ऐसे थे याने जैसे जैसे समय का चक्र अपनी तेज रफ्तार से चल रहा है, हर स्थिति को बदलता जा रहा है, विज्ञान प्रौद्योगिकी डिजिटलाइजेशन में तीव्रता से विकास स्वभाविक और समय की मांग है, परंतु आज माता-पिता बेटा-बेटी भाई-बहन संयुक्त परिवार से एकल परिवार और एकल परिवार में भी बहुत खटास के बढ़ते जाने को रेखांकित कर आज हर व्यक्ति को अपने आपसे प्रश्न पूछने को की जरूरत है कि क्यों उसे बीते हुए सुहाने दिनों की लालसा है? क्यों नहीं अपने स्वभाव में, जीवन शैली में परिवर्तन लाकर खुद और परिवार के बीते हुए दिनों की मिठास ला सकते हैं। आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से रिश्तों में मिठास लाकर अपने बीते हुए दिनों को लौटाने पर,खुशहाल करने पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम पुराने दिनों की यादों की करें तो इसकी शुरुआत हम बचपन के दिनों से करते हैं, मेरा मानना है कि सबको अपने बचपन के दिनों में अधिक सुकून मिला होगा, हर किसी को अपना बचपन याद आता है। हम सबने अपने बचपन को जीया है। शायद ही कोई होगा, जिसे अपना बचपन याद न आता हो। बचपन की अपनी मधुर यादों में माता-पिता, भाई-बहन, यार-दोस्त, स्कूल के दिन, आम के पेड़ पर चढ़कर 'चोरी से' आम खाना, खेत से गन्ना उखाड़कर चूसना और ' खेत मालिक के आने पर 'नौ दो ग्यारह' हो जाना हर किसी को याद है। चोरी और ' चिरौरी तथा पकड़े जाने पर साफ झूठ बोलना बचपन की यादों में शुमार है। बचपन से पचपन तक यादों का अनोखा संसार है।

साथियों, छुटपन में धूल-गारे में खेलना, मिट्टी मुंह पर लगाना, मिट्टी खाना किसे नहीं याद है? और किसे यह याद नहीं है कि इसके बाद मां की प्यारभरी डांट-फटकार व रुंआसे होने पर मां का प्यारभरा स्पर्श! इन शैतानीभरी बातों से लबरेज है सारा बचपन।इसलिए पुराने दिनों की याद कर आज भी हम कहते हैं, हम भी अगर बच्चे होते,हम भी अगर बच्चे होते, नाम हमारा होता गबलू-बबलू, खाने को मिलते लड्डू,और दुनिया कहती हैप्पी बर्थडे टू यू',।

साथियों बात अगर हम अपने युवापन के यादों की करें तो हमारे रिश्तो में कुछ और रिश्तो की कड़ियां जुड़ी, हमें माँ बाप भाई बहन पति पत्नी सास ससुर न जाने कितने रिश्तों में जोडा है ये रिश्ते आसानी से जुड़ गए, जिससे बचपन की अपेक्षा स्थिति कुछ कठिन हुईरिश्तो में अपेक्षाकृत प्यार कम होता चला गया, लेकिन अब हम इन्हें कैसे बनाते है ।अच्छा या बुरा ,मजबूत या कमजोर ये हम पर निर्भर करता है और हर रिश्ता भावनाओ और आपसी समझ से एक दूसरे को जोड़ता है। और इन्हें प्यार के रिश्ते कहते है। और जो रिश्ता प्यार का और भावनाओ का बनता है उन्हें तोडना भी भुत मुश्किल है। और जिन रिश्तों में प्यार और भावनाये नही है वो शायद समाज के आगे दिखावे के लिए जुड़े भी रहे लेकिन दिल में ज्यादा दिन तक रहते है। अब जैसे पति और पत्नी दोनों एक दूसरे के लिए अनजान है और न ही इनका खून का रिश्ता होता है। फिर भी ये एक दूसरे के लिए बहुत खास होते है क्यों की इनका प्यार और आपसी समझ और भावनाये इन्हें हमेसा जोड़े रखती है। और कहीं कहीं खून के रिश्ते भी कमजोर पड़ जाते है। जैसे भाई भाई की नहीं बनती भाई बहन की नही बनती पति पत्नी की नहीं बनती ।

साथियों बात अगर हम समय के साथ बदलते चक्र में रिश्तो को निभाने की करें तो, सहनशीलता, विश्वास आपसी प्रेमरिश्तों को निभाने के लिए सहनशीलता और धैर्य बहुत आवश्यक है, हर रिश्ता बलिदान मांगता है, चाहे वो पति पत्नी का हो, या बहन भाई का या सास बहू का, अगर हम सबंधो को मधुर रखना है पुराने बीते हुए दिन वापस लाना है तो बहुत सी बातों को नजरअंदाज करना पड़ेगा, धैर्य रखना पड़ेगा और समय पड़ने पर बलिदान भी देना होगा चाहे वो गर्मी की रात में बिना कूलर के सोना हो, या जून की दोपहर में भाई के बच्चे को स्कूल से लाना हो एक दूसरे पर विश्वास, और सम्मान दूसरे सबसे महत्वपूर्ण कारण हैं जो आपसी संबंधों में मधुरता बरक़रार रखेंगे।परिवार एकता के सूत्र में बंधा रहे उसके लिए बचपन से ही घर के तमाम सदस्यों में एक दूसरे का सम्मान और परस्पर प्रेम की भावना विकसित करना भी बेहद आवश्यक है।

साथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष में पुराने रिश्तों के सुकून भरे दिनों और वर्तमान रिश्तो की करें तो हम जरूर पुराने दिनों की बहुत याद आएगी क्योंकि आज प्यार भावना मान-सम्मान सहनशीलता संवेदनशीलता अपेक्षाकृत कम है इसलिए रिश्तो में खटास...रिश्तों में खटास आई, यह तब ही आती है जब हम ज्यादा स्वार्थी और अभिमानी बनने लगते है तो सबसे पहले अपने आप में सुधार करें ।दुसरे की भावनाओ की कद्र करना सीखें ।थोड़ा लेट-गो करें क्योंकि गलतीयां हर किसीसे होती ही है ।अपनी लेंग्वेज को सुधारे क्योंकि हम जैसे बोलते है वैसा ही प्रभाव सामनेवाले व्यक्ति पर पडता है इसलिए अपने बोलने के ढंग को मोहक और मीठा बनाए।सामने वाले की बुराईयों की जगह उनकी अच्छाइयों पर ज्यादा ध्यान दें ।कभी कभार कोई अच्छा सा तोहफा देकर रिश्ते में मिठास बढ़ाए ।अपने आप के कर्तव्यों को समजते हुए सामने वाले की केर करें हंमेशा कुछ भी अच्छा करने की शुरुआत खुद से ही करें ।और सबसे महत्वपूर्ण बात की अपनी गलती को स्वीकार करना सीखें और माफ़ी मांग लें ।अपने विचारों को संकुचित मत रखें , दिल से उदार बनें ।किसी भी बात का बिना सोचे समझे उतर न दें मतलब की अपने गुस्से को काबू करना सीखें क्योंकि समय आने पर सब कुछ सही हो जाता है ।अगर किसीने गुस्से से कभी कुछ सुना दिया हो तो उसको दील पे मत ले और माफ करना सीखें । अगर बात ज्यादा बढ गई हो तो थोडे दिन के लिए सिर्फ उससे बात करना बंद कर दीजिये थोडे ही दिन में सबकुछ ठीक हो जाएगा ।भावनाए रिश्तों की जान होती है अतः अपनी अच्छी भावनाओ को हंमेशा व्यक्त करते रहे । अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे के आओ अपने पुराने रिश्तो को याद करें कोई लौटा दे मेरे बीते हुए दिन वर्तमान प्रौद्योगिकी युग में भी मनीषियों द्वारा अपने पुराने दिनों को अच्छे दिन बताने को रेखांकित कर सकारात्मक उपायों पर मंथन करना जरूरी

## हमारा रायपुर

मूंद के आँखें आओ सैर रायपुर की करें
बात चीला फरा नून दाल चाउर की करें।

घड़ी चौक से जो मैं कुछ पश्चिम को बढ़ा
खुद में इतिहास समेटे जय स्तंभ था खड़ा।

तपा हो बदन जब दोपहर की घाम में
मिलेगा सुकून जरूर मरीन ड्राइव की शाम में।

ढूंढने निकलो जो तुम स्वाद का खजाना
टहलते टहलते फिर मंजू ममता ही आना।

लगेगा कि जीवन जब कैसे कटेगा
जवाब हर सवाल का राम मंदिर में मिलेगा।

हम तुम हो नए रायपुर में और बरसात हो जाए
बरसो से जो दिल में थी वो बात हो जाए।

महादेव घाट के चलोगे जो किनारे किनारे
ख्वाबों में जैसे कोई महबूब पुकारे

खारुन के पानी के जब छीटें पड़ेंगे
दिलों में मोहब्बत के किस्से गढ़ेंगे।
शहर ये जमीन का टुकड़ा नहीं हमारा सम्मान है
इसी से इतिहास हमारा यही हमारी पहचान है।



(तेजेश सिंह नेगी)
रायपुर, छत्तीसगढ़

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आज का दिन यात्रा में बितेगा। ये यात्रा ऑफिस के काम से रिलेटेड हो सकती है। यात्रा के दौरान किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा। इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। किसी कम्पनी से जॉब के लिये ईमेल आ सकता है। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

वृषभ राशिः आज का दिन आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता रहेगी। परिवार में आज सुखद वातावरण रहेगा। दाम्पत्य जीवन आज मधुरता से भरपूर रहेगा। आज आपकी उलझने कम हो सकती है। सरकारी ऑफिस में काम करने वालों का आज प्रमोशन होने की संभावना है। आज आपकी पारिवारिक समस्यायें दूर हो जाएगी। सिविल इंजीनियर्स के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए यादगार रहेगा।आज आपके कलीग और बॉस दोनों मिलकर आपके प्रदर्शन से खुश होकर आपको स्पेसेल फील करवाने के लिए सरप्राइज पार्टी प्लान करके इस दिन को आपके लिए बहुत खास बना देंगे। मौसम का असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा।अगर किसी मित्र से आपकी अनबन हुई है तो आज फ्रैंडशिप करने के लिए अच्छा दिन है।

कर्क राशिः आज आपका मन स्थिर रहेगा। ऑफिस में आज आपकी परफॉर्मेंस अच्छी रहेगी। सीनियर्स आपके काम से खुश होकर बुक गिफ्ट कर सकते हैं। सहकर्मी आपके पक्ष में रहेंगे। आज किसी दूसरे के काम में बेवजह अपनी राय न दें। ये आपके लिए अच्छा होगा। अगर आज मित्र आपकी प्रशंसा कर रहा है तो सावधान रहिये। स्वास्थ्य आज पहले से ठीक रहेगा।

सिंह राशिः आज आपके मन में नए नए विचार उत्पन्न होंगे। हो सकता है किसी नए बिजनेस की शुरुआत करने से भविष्य में आपको फायदा होगा। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी हैं और आप ऐसा बहुत अच्छे से करेंगे। इस राशि के कॉन्ट्रेक्टर के लिए आज का दिन अच्छा होगा। हो सकता है कि आपको आज नया कॉन्ट्रेक्ट मिलें। जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है। अपने प्रिय के लिए आज आप गीत या गाना कंपोज कर सकते हैं या उन्हें तस्वीर फ्रेम करके दे सकते हैं।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए काफी रिफार्मेटिव रहने वाला है। सर्वोच्च पदाधिकारियों को आज बहुत सारे नियम और कानून में रिफार्म यानी सुधार करना पड़ेगा जो की अनिवार्य होगा। विद्यार्थिओं को भी आज अपने स्टडी प्लान में रिफार्म करना लाभदायक होगा। आर्थिक स्थिति अच्छी होगी। बिजनेस को आगे बढ़ाने का प्लान बना सकते है। आपके व्यवहार से प्रभावित होकर आपके पड़ोसी आपकी तारीफ कर सकते है। गृहिणियां आज कुछ विशेष पकवान बनाना सीखेगी।

तुला राशिः आपके लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। इस राशि के लोगों को आज धन की प्राप्ति हो सकती है। इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा है। उन्हें अपने ननिहाल या मायके की तरफ से बहुत बड़ी खुशखबरी मिलने के योग है। आज आपके विचारों को ऑफिस में सीनीयर्स की तरफ से पॉजीटिव रिसपॉन्स मिलेगा। इस राशि के लोग आज भविष्य के लिए खास निर्णय ले सकते हैं। जो आगे चलकर कारगर साबित होगा।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आपका मित्र या रिश्तेदार आपसे मिलने आपके घर आ सकता है और उनके साथ आप पास के किसी दार्शनिक स्थल पर घूमने जाएंगे। आज आपको पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आज आपकी विशेष इच्छाओं की पूर्ति हो सकती है। आज आपका धार्मिक कार्यों में जुड़ाव बढ़ेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

धनु राशिः समय आज व्यस्तता में बीतेगा। आज आपके करीबी आपको अचानक गिफ्ट देकर सरप्राइज कर सकते हैं। आज बहुत पुराना कोर्ट केस का फैसला आज आपके पक्ष में आ सकता है।बहुत बिजी शेड्यूल होने बावजूद भी आज आप अपने बच्चों के साथ समय बिताने के लिए समय जरूर निकालेंगे। इस राशि के लोग आज बिजनेस के मामले में सोच-समझकर कर फैसला लें सफलता अवश्य मिलेगी।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज आपको अपने लोगों के बीच अपनी छवि बेहतर करने का पूरा मौका मिलेगा। आज आपके दुश्मन आपसे दूर ही रहेंगे। आज आप दोस्तों के साथ कहीं घूमनें जा सकते है। बच्चों के साथ गेम जोन और डिनर पर जाने का प्लान बनेगा। आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। आर्किटेक का काम करने वालों के काम की तारीफ होगी।

कुंभ राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको शासन व सत्ता का पूरा लाभ मिलेगा और आपके प्रभाव व प्रताप में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी।संतान की सफलता से आपको प्रसन्नता होगी। इस राशि के लोगों के व्यापार में आज दो गुना वृद्धि होगी। यदि आप घर में परिवर्तन संबंधी निर्णय लेना चाहते है तो आपके लिए अच्छा दिन है। बिजनेसमैन के लिए भी आज का दिन शुभ है। इस राशि के लोगों का झुकाव आज अपने परिवारजनों के प्रति रहेगा।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लेकर आएगा। यह परिणाम व्यवसाय से जुड़ा हो सकता है व बच्चों के पढ़ाई का हो सकता है। बॉस और कालीगस आज आपसे बहुत खुश रहने वाले हैं ऑफिस में आपके कार्यों की तारीफ होगी। बॉस आपकी पदोन्नति करने का मन बना सकते हैं। आज आपका स्वास्थ्य रोज की अपेक्षा बेहतर रहने वाला है। लवमेट को मनाने के लिए आज उसे एक अच्छी ड्रेस गिफ्ट कर सकते हैं।

## सू- दोकू क्र.363

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.362 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

## शब्द सामर्थ्य -363

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**
1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक362 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | | सि | वा | य | | कि |
| लि | | चा | ह | त | | म | म | ता |
| क | सू | र | | म | ग | न | | ब |
| | र | | | | द | | | |
| क | मा | न | | पा | र | स | | स |
| मी | | म | जा | ल | | न | क | ली |
| ना | दा | न | | ना | र | द | | का |
| | मि | | | | तौं | | | |
| सु | नी | ल | | अ | धी | र | | जी |

# दो मैच हारकर भी आईपीएल के इतिहास में दर्ज हुआ सीएसके का खास रिकार्ड

**एकान्त प्रिय चौहान**

आईपीएल 2026, सीजन 19 का सातवां मैच चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और पंजाब किंग्स के बीच 3 अप्रैल को खेला गया। इस मैच में पंजाब की टीम ने 5 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीता है और उन्होंने पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। चेन्नई की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 209 रन बनाने में कामयाब रही। पंजाब ने इस टारगेट को 18.4 ओवर में हासिल कर लिया। पंजाब की ये इस सीजन की लगातार दूसरी जीत है। वहीं चेन्नई को लगातार दूसरे मुकाबले में हार मिली।

देखा जाए तो आईपीएल के इस सीजन में सीएसके का प्रदर्शन निराशाजनक ही देखा जाएगा। लेकिन सीएसके के नाम 5 बार आईपीएल ट्रॉफी अपने नाम करने का रिकार्ड भी दर्ज है। सबसे पहले उसने आईपीएल 2010 में मुंबई इंडियंस को हराकर पहला खिताब जीता। इसके बाद 2011 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को हराकर दूसरी बार ट्रॉफी हासिल की। फिर 2018 सनराइजर्स हैदराबाद को फाइनल में हराया, 2021 में कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर चौथा खिताब जीता और 2023 में गुजरात टाइटंस को हराकर 5वां खिताब अपने नाम किया है।

आईपीएल 2026 की बात करें तो इस सीजन में सीएसके ने लगातार दो मैच गंवाए हैं। इसके बाद भी आईपीएल के इतिहास में उसके नाम एक खास रिकार्ड दर्ज हो गया है। ये रिकार्ड है आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा बार 200 या उससे अधिक का स्कोर बनाने वाली टीम का है। सीएसके ने आईपीएल इतिहास में 36वीं बार ये कारनामा किया है, जबकि दूसरे नंबर पर काबिज आरसीबी की टीम 35 बार ये कारनामा करने में कामयाब हो सकी है। वहीं पंजाब किंग्स ने 33 बार, मुंबई इंडियंस ने 32 बार और कोलकाता नाइट राइडर्स ने 30 बार सबसे ज्यादा बार 200 या उससे अधिक का स्कोर बनाएं हैं।




वहीं आईपीएल 2026 की बात करें तो चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और पंजाब किंग्स के बीच 3 अप्रैल को खेले गए सातवें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के संजू सैमसन का बल्ला एक बार फिर खामोश रहा। वह 7 बॉल में 7 रन बनाकर ही आउट हुए। इस मैच में आयुष म्हात्रे, सरफराज खान और शिवम दुबे ने शानदार बल्लेबाजी की। म्हात्रे 43 बॉल में 73 रन बनाकर टीम के लिए टॉप रन स्कोरर रहे। वहीं शिवम दुबे 27 बॉल में 45 रन बनाकर नाबाद रहे। सरफराज खान ने 12 गेंदों में ताबड़तोड़ अंदाज में 32 रन ठोक दिए।

टारगेट का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स को इस मैच में शानदार शुरुआत मिली। पहले विकेट के लिए प्रियांश आर्या और प्रभसिमरण सिंह ने 61 रन जोड़े। प्रियांश ने 11 बॉल पर 39 रन बनाए। प्रभसिमरण ने 34 बॉल में 43 रन की पारी खेली। पंजाब की तरफ से एकमात्र अर्धशतक श्रेयस अय्यर के बल्ले से आया, उन्होंने 29 बॉल पर 50 रन बनाए। चेन्नई की तरफ से मैट हेनरी और अंशुल कंबोज ने दो-दो विकेट लिए।

**धोनी की कप्तानी में सीएसके नाम दर्ज है कई अनोखे रिकार्ड**–आईपीएल में धोनी की कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स के नाम कई ऐसे रिकार्ड दर्ज हैं, जो बाकी टीमों के लिए फिलहाल सपने जैसा ही है।

**लगातार चार बार फाइनल में पहुंचने का रिकार्ड**–आईपीएल 2010 से 2013 के चार सीजन की बात करें तो इसमें सीएसके ने 4 बार लगातार फाइनल में पहुंचने का रिकार्ड बनाया है। और इसमें भी लगातार दो बार 2010 और 2011 में जीत दर्ज की है। आज तक कोई भी टीम ऐसा नहीं कर पाई है।

**सबसे ज्यादा 10 बार फाइनल में पहुंचने वाली टीम है सीएसके** –चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने 16 सीजनों में 10 बार आईपीएल फाइनल में जगह बनाकर इतिहास रचा है। आईपीएल 2028 के फाइनल में राजस्थान रॉयल्स से हारकर सीएसके उपविजेता रही। वहीं 2010 मुंबई इंडियंस को हराकर जीत दर्ज की। 2011 में रॉयल चैलेजर्स बैंगलोर को हराया तो 2012 में कोलकाता नाइट राइडर्स से हार उपविजेता बनी। इसी तरह 2013 में उपविजेता (मुंबई इंडियंस से हारी), 2015 उपविजेता (मुंबई इंडियंस से हारी), 2018 विजेता (सनराइजर्स हैदराबाद को हराया), 2019 उपविजेता (मुंबई इंडियंस से हारी), 2021 विजेता (कोलकाता नाइट राइडर्स को हराया) और 2023 में गुजरात टाइटन्स को हराकर पांचवीं बार आईपीएल खिताब जीता।

**सबसे ज्यादा बार प्लेऑफ में पहुंची**–आईपीएल के शुरुआती आठ सीजनों में सीएसके ने हर बार प्लेऑफ में पहुंचकर इतिहास बनाया है। 2008 से 2015 तक यह टीम लगातार शीर्ष 4 में रही, जो किसी भी फ्रेंचाइजी के लिए एक सपना है।

**सीएसके के लिए सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर मुरली विजय के नाम** –मुरली विजय आईपीएल में सीएसके के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। उन्होंने 2010 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए अपने पहले ही सीजन में 55 गेंदों में 127 रनों की शानदार पारी खेली थी। इसमें भी 8 चौके और 11 छक्के शामिल थे। उन्होंने 30 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया था।

## एक नजर

### आपत्तिजनक फोटो वायरल करने के आरोप में पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार

**चारामा 4 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** चारामा थाना के ग्रामीण क्षेत्र से एक महिला का आपत्तिजनक फोटो एवं मैसेज सोशल मीडिया ग्रुप में वायरल करने की घटना सामने आयी है। थाना में पीडिता प्रार्थी के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया है कि आरोपी द्वारा ग्राम पंचायत टिकरापारा के नाम से व्हाट्सअप ग्रुप बनाकर एवं उसमें पीडिता के ससुराल पक्ष के रिस्तेदारों को ग्रुप में जोडकर पीडिता का फोटो एवं मैसेज को आपत्तिजनक तरीके से एडिट करके सोशल मीडिया ग्रुप में बदनाम करने की नियत से वायरल कर दिया गया है। थाना में सूचना दर्ज होने पर पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल आरोपी की पतासाजी कर आरोपी प्रवीण निर्मलकर निवासी ग्राम सिरवे थाना भखारा जिला धमतरी को आईटी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त मोबाईल को भी जप्त किया जाकर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।



### अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन तिथि बढ़ी, अब 10 अप्रैल तक करें ऑनलाइन पंजीयन

**दंतेवाड़ा, 4 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि में वृद्धि कर दी गई है। सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पहले यह प्रक्रिया 13 फरवरी 2026 से 01 अप्रैल 2026 तक निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 10 अप्रैल 2026 कर दिया गया है। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अग्निवीर पुरुष जनरल ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक, स्टोर कीपर, ट्रेड्समैन (10वीं एवं 8वीं), अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) सहित स्थायी कैडर के पद जैसे नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, हवलदार (सेना शिक्षा) एवं धर्म शिक्षक के लिए पंजीकरण किया जा रहा है। सेना भर्ती कार्यालय ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे समय-सीमा के भीतर आवेदन सुनिश्चित करें तथा आवेदन से पूर्व पात्रता संबंधी सभी दिशा-निर्देशों का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें।

# किसान हित में एक और पहल, 'हरी खाद' किट से मिट्टी होगी उपजाऊ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 4 अप्रैल।** जिले के किसानों की आय बढ़ाने और मिट्टी की सेहत सुधारने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा 'हरी खाद' वितरण की महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई है। इसके तहत गीदम, दंतेवाड़ा और नकुलनार स्थित लैम्प्स केंद्रों में 2000 हरी खाद किट उपलब्ध कराई गई हैं। कृषि विभाग ने विशेष रूप से 'श्री विधि' एवं रोपा विधि से धान की खेती करने वाले किसानों से अपील की है कि वे शीघ्र अपने नजदीकी लैम्प्स से किट प्राप्त करें। ज्ञात हो कि प्रत्येक किट का वजन 5.50 किलोग्राम निर्धारित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि हरी खाद (ढैंचा, सनई) मिट्टी के लिए बेहद लाभकारी मानी जाती है। यह मिट्टी की संरचना को भुरभुरा बनाकर जड़ों के



विकास में मदद करती है, साथ ही वायुमंडल से नाइट्रोजन लेकर मिट्टी में स्थिर करती है, जिससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है।

इसके उपयोग से मिट्टी में जैविक कार्बन एवं ह्यूमस की मात्रा बढ़ती है, जल धारण क्षमता में सुधार होता है तथा खरपतवार नियंत्रण में भी सहायता मिलती है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, हरी खाद की बुवाई मानसून की शुरुआत या मई-जून में की जानी चाहिए। 25 से 30 दिन बाद, इसमें फूल आने की अवस्था में फसल को खेत में पलटकर मिट्टी में मिला दिया जाता है, जिससे लगभग एक सप्ताह में यह खाद में परिवर्तित हो जाती है। इसके बाद धान की रोपाई करने से बेहतर उत्पादन प्राप्त होता है। कृषि विभाग ने किसानों से जैविक विकल्प अपनाकर मिट्टी को सुरक्षित रखने की अपील की है। किट की संख्या सीमित होने के कारण किसानों से जल्द से जल्द गीदम, दंतेवाड़ा और नकुलनार लैम्प्स पहुंचकर लाभ लेने का आग्रह किया गया है।

**पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत आकर्षक**

# गढ़पहाड़ की गुफाओं में झलकती प्रागैतिहासिक सभ्यता की अनूठी विरासत

**रायपुर, 4 अप्रैल।** प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध जशपुर जिला अब अपनी समृद्ध पुरातात्विक धरोहर के कारण भी विशेष पहचान बना रहा है। जिले से लगभग 30 किलोमीटर दूर मनोरा विकासखंड के ग्राम जयमरगा स्थित गढ़पहाड़ की गुफा में मिले आदिमकालीन शैलचित्र प्रागैतिहासिक मानव जीवन की महत्वपूर्ण झलक प्रस्तुत करते हैं। यह स्थल न केवल ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि पर्यटन की दृष्टि से भी अत्यंत आकर्षक बनता जा रहा है।

ग्राम पंचायत डड़गांव के आश्रित ग्राम जयमरगा की आबादी लगभग 1400 है और यहां तक सड़क मार्ग से सहज पहुंचा जा सकता है। गांव से लगभग 300 मीटर ऊँची पहाड़ी पर चढ़ाई करने के बाद गढ़पहाड़ की इस प्राकृतिक गुफा तक पहुंचा जाता है। घने जंगलों के बीच स्थित यह गुफा आज भी स्थानीय ग्रामीणों के लिए आस्था का केंद्र है, जहां वे पूजा-अर्चना करते हैं।

पुरातत्त्ववेत्ता डॉ. अंशुमाला तिर्की एवं श्री बालेश्वर कुमार बेसरा के अनुसार, जयमरगा क्षेत्र प्रागैतिहासिक



स्थलों की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। यहां पहाड़, जंगल और नदी की उपलब्धता के कारण प्राचीन मानव के लिए भोजन, पानी और आश्रय की समुचित व्यवस्था रही होगी। इसी कारण यह क्षेत्र आदिमानवों के निवास का प्रमुख केंद्र रहा प्रतीत होता है।

गुफा में प्राप्त शैलचित्र मध्य पाषाण काल से संबंधित माने जा रहे हैं। इन चित्रों में मानव आकृतियों के साथ-साथ पशु आकृतियाँ, ज्यामितीय आकृतियाँ तथा कुछ रहस्यमयी आकृतियाँ भी अंकित हैं। लाल एवं सफेद रंगों से बनाए गए ये चित्र उस समय की कलात्मक अभिव्यक्ति और जीवन शैली को दर्शाते हैं। विशेष रूप से बैल, तेंदुआ, हिरण और मानव

आकृतियों का चित्रण उस काल के शिकार एवं सामाजिक जीवन की कहानी कहता है।

विशेषज्ञों के अनुसार, यह गुफा संभवतः प्राचीन काल में पहरेदारी स्थल के रूप में प्रयुक्त होती रही होगी, जहां से शिकारी वन्यजीवों पर नजर रखते थे। यहां हेमाटाइट पत्थर की उपलब्धता भी पाई गई है, जिसका उपयोग रंग बनाने में किया जाता था। इसके अतिरिक्त, स्थल से माइक्रोलिथिक उपकरण जैसे लुनैट, स्क्रैपर, पॉइंट, ट्रैपेज, साइड स्क्रैपर और ब्लेड भी प्राप्त हुए हैं, जो उस समय के मानव द्वारा शिकार एवं दैनिक कार्यों में उपयोग किए जाते थे। गढ़पहाड़ की यह गुफा जशपुर जिले की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को सहेजने का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। इस अमूल्य धरोहर को संरक्षित किए जाने की जरूरत है, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी प्रागैतिहासिक मानव सभ्यता के इस अद्भुत साक्ष्य से परिचित हो

## घरेलू गैस और ईंधन आपूर्ति के लिए राज्य व जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित

**बीजापुर 4 अप्रैल।** पश्चिम एशिया में जारी संकट को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन ने आम नागरिकों की सुविधा और राहत के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। प्रदेश में घरेलू गैस, पेट्रोल एवं डीजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह है कि ईंधन की उपलब्धता में किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर नागरिकों को तुरंत सहायता मिल सके। इसके लिए राज्य सरकार ने 18002333663 नंबर पर आपातकालीन सहायता केंद्र भी शुरू किया है, जहां लोग अपनी समस्याएं दर्ज कराकर शीघ्र समाधान प्राप्त कर सकते हैं। जिला स्तर पर भी व्यवस्था को मजबूत किया गया है, बीजापुर जिले में नियंत्रण कक्ष के लिए मोबाइल नंबर 8815259949 (सहायक खाद्य अधिकारी) और 8815339093 जारी किए गए हैं, जिन पर संपर्क कर नागरिक अपनी समस्याएं बता सकते हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान परिस्थितियों में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। साथ ही, किसी भी प्रकार की समस्या सामने आने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। राज्य सरकार की इस पहल से आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है और संकट की स्थिति में आवश्यक सेवाओं की सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

## आधार शिविर में कम उपस्थिति पर सख्त हुए एसडीएम, लापरवाहों पर कार्रवाई के निर्देश

**बीजापुर 4 अप्रैल।** अनुविभागीय अधिकारी श्री जागेश्वर कौशल ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, नैमेड में आयोजित आधार शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिविर में छात्र-छात्राओं की कम उपस्थिति पर उन्होंने गहरी नाराज़गी व्यक्त की। एसडीएम ने स्कूल की प्रिंसिपल, संकुल समन्वयक तथा लापरवाही बरतने वाले संस्था प्रमुखों पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी शिविरों में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। इस दौरान उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी बीजापुर श्री नागेश निषाद एवं खंड स्रोत समन्वयक श्री राजेश मिश्रा को निर्देशित किया गया कि शिविर को गंभीरता से नहीं लेने वाले शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा जिले के सभी अध्ययनरत बच्चों के लिए आधार कार्ड, अपार आईडी, जाति प्रमाणपत्र एवं जन्म प्रमाणपत्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए विभिन्न स्कूलों एवं संकुलों में लगातार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशासन ने इस अभियान को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं, ताकि कोई भी बच्चा आवश्यक दस्तावेजों से वंचित न रहे। निरीक्षण के दौरान आधार मैनेजर संतोष एवं सहायक खंड शिक्षा अधिकारी दीपक कोंड्रा भी उपस्थित रहे।

# बेहतर प्रशासन की ओर बढ़ते कदम दंतेवाड़ा में साधना सप्ताह शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 4 अप्रैल।** कर्मयोगी भारत पहल के अंतर्गत जिले में 2 अप्रैल से 8 अप्रैल 2026 तक साधना सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार आज अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे ने विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान कर्मयोगी भारत के उद्देश्यों पर विस्तृत परिचर्चा की गई तथा साधना सप्ताह का सामूहिक वाचन किया गया। बैठक में आई-गॉट कर्मयोगी पोर्टल में पंजीकरण, लक्ष्य निर्धारण तथा प्रशासनिक कार्यों में दक्षता बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों और कर्मचारियों को शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए अपनी कार्यशैली में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस दौरान अपर कलेक्टर श्री पात्रे ने कहा कि कर्मयोगी भारत का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी की कार्यशैली में गुणात्मक सुधार लाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि साधना सप्ताह के माध्यम से आत्मचिंतन, पारदर्शिता, नवाचार और टीमवर्क को



बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे आम नागरिकों को बेहतर, पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने बताया कि साधना सप्ताह के दौरान प्रत्येक दिन को एक विशेष विषय के साथ जोड़ा गया है। उद्घाटन दिवस पर सामूहिक वाचन एवं उद्देश्यों पर चर्चा, आत्मचिंतन दिवस पर व्यक्तिगत कार्यशैली का आत्म मूल्यांकन, सेवा संकल्प दिवस पर नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवा देने का संकल्प, नवाचार दिवस पर कार्यप्रणाली में सुधार हेतु नए विचारों का आदान-प्रदान एवं डिजिटल साधनों के उपयोग पर कार्यशाला, पारदर्शिता दिवस पर प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और शिकायत निवारण तंत्र की समीक्षा, सहयोग दिवस पर टीम भावना एवं विभागीय समन्वय को प्रोत्साहित करने तथा समापन दिवस पर सप्ताह भर की गतिविधियों का प्रतिवेदन एवं अनुभव साझा किया जाएगा। साधना सप्ताह के माध्यम से जिले में प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और नागरिक केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इस दौरान सभी विभागों के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## पश्चिम एशियाई संकट के बीच हालात सामान्य एलपीजी-पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता :कलेक्टर

**बीजापुर 4 अप्रैल ।** पश्चिम एशियाई संकट की पृष्ठभूमि में संभावित प्रभावों को लेकर जिले में किसी भी तरह की आशंका को दूर करने हेतु कलेक्टर श्री संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने संयुक्त प्रेस वार्ता आयोजित कर स्थिति स्पष्ट की। दोनों अधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि जिले में सभी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने जानकारी दी कि केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से प्रदेश सहित बीजापुर जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति में किसी प्रकार की कमी नहीं आएगी। पेट्रोल और डीजल की भी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि पेट्रोलियम एवं गैस मंत्रालय द्वारा 28 फरवरी 2026 के बाद उठाए गए कदमों के परिणामस्वरूप आपूर्ति व्यवस्था मजबूत बनी हुई है।

प्रेस वार्ता में कलेक्टर ने पीपीटी के माध्यम से जिले में उपलब्ध गैस स्टॉक, घरेलू एवं व्यावसायिक कनेक्शनों की स्थिति तथा प्रतिदिन की बुकिंग संबंधी आंकड़े साझा किए। साथ ही खाद्यान्न एवं आवश्यक वस्तु प्रबंधन के तहत राज्य एवं जिला स्तर पर की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी देते हुए बताया कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अंतर्गत आपूर्ति और भंडारण पर प्रशासन सतत निगरानी रख रहा है। जिले में 30 से 45 दिनों का अग्रिम खाद्यान्न स्टॉक सुरक्षित रखने की व्यवस्था भी की जा रही है। किसानों के लिए खाद की उपलब्धता पर भी उन्होंने स्पष्ट किया कि पूर्व की भांति ही आपूर्ति जारी रहेगी और किसी प्रकार की कमी नहीं होगी। आम जनता की सुविधा के लिए राज्य स्तरीय हेल्पलाइन नंबर तथा जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के नंबर भी जारी किए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की समस्या या जानकारी के लिए नागरिक सीधे संपर्क कर सकें। कलेक्टर ने विशेष रूप से अफवाहों से बचने की अपील करते हुए कहा कि भ्रामक एवं अपुष्ट खबरें समाज में भय और अस्थिरता पैदा करती हैं। उन्होंने मीडिया से आग्रह किया कि किसी भी समाचार के प्रकाशन से पहले प्रशासन से पुष्टि अवश्य करें, ताकि जनता तक सही और तथ्यात्मक जानकारी पहुंचे। वहीं आम नागरिकों से भी सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों से सतर्क रहने को कहा। पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था पूरी तरह सुचारू है। बीजापुर दो अंतरराज्यीय सीमाओं से जुड़ा होने के कारण सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया गया है। सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई गई है और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है। बैठक के दौरान कलेक्टर और एसपी ने 31 मार्च को बीजापुर जिले के सशस्त्र माओवाद से मुक्त होने पर जिलेवासियों को बधाई दी। उन्होंने जिले के विकास में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि बीजापुर के मीडिया ने हमेशा सकारात्मक योगदान दिया है और आगे भी इसी प्रकार सहयोग की अपेक्षा है।

## सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ी, अब 10 अप्रैल तक करें आवेदन

**बीजापुर 4 अप्रैल।** भारतीय सेना में भर्ती के इच्छुक युवाओं के लिए बड़ी राहत की खबर है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा जारी सूचना के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 10 अप्रैल 2026 कर दिया गया है। पूर्व में यह प्रक्रिया 13 फरवरी 2026 से 01 अप्रैल 2026 तक निर्धारित थी। जिसे अब अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ाया गया है। भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अग्निवीर श्रेणी में विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं जिनमें अग्निवीर (जनरल ड्यूटी), अग्निवीर (तकनीकी), अग्निवीर (लिपिक/स्टोरकीपर), अग्निवीर (ट्रेडमैन 10वीं/8वीं), अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) इसके अतिरिक्त स्थायी कैडर के अंतर्गत नर्सिंग सहायक सिपाही फार्मा, हवलदार (सेना शिक्षा) धर्म शिक्षक के पद भी शामिल हैं।

किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए अभ्यर्थी सेना भर्ती कार्यालय नया रायपुर (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास) टेलीफोन नंबर 0771-2965212, 2965214 पर संपर्क कर सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी है और चयन केवल योग्यता के आधार पर किया जाएगा। अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार के दलालों या एजेंटों से दूर रहने की सलाह दी गई है।

**साप्ताहिक समय सीमा की बैठक सम्पन्न**

# नक्सल मुक्त बीजापुर में विकास को मिलेगी नई रफ्तार

**बीजापुर 4 अप्रैल।** 31 मार्च 2026 को जिले के नक्सल मुक्त होने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि अब बीजापुर के विकास को नई दिशा देने का समय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन क्षेत्रों तक अब तक प्रशासन की पहुंच सीमित थी। वहां अब तेजी से पहुंच बनाकर शासकीय योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना प्राथमिकता होगी।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नए जोश, नई रणनीति और आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर अधिक से अधिक दौरा कर वास्तविक आवश्यकताओं के आधार पर विकास की ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने जिले में स्वरोजगार को



बढ़ावा देने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही व्यक्तिमूलक योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने शासन की सभी योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु आवश्यक दस्तावेजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अभियान चलाने की बात कही। उन्होंने निर्देश दिया कि नागरिकों को दस्तावेजों के संबंध में पूरी और सही जानकारी दी जाए, ताकि वे योजनाओं का लाभ सहजता से ले सकें।

ग्रामीण विकास पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि गांवों में मूलभूत आवश्यकताओं और प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्यों को ग्रामसभा में अनुमोदित कराया जाए जिससे पारदर्शिता के साथ कार्यों को स्वीकृति मिल सके और विकास योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू हों। पश्चिम देशों में उत्पन्न वैश्विक संकट के संदर्भ में कलेक्टर ने अधिकारियों को सतर्क रहते हुए जिले में किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति न बनने देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग पारदर्शिता के साथ आमजन को जागरूक करें, ताकि अफवाहों पर नियंत्रण रखा जा सके। उन्होंने दोहराया कि जिले की स्थिति पूरी तरह सामान्य है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता चौबे, अपर कलेक्टर श्री भूपेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर श्री जागेश्वर कौशल सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी, सभी अनुभागों के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खाली कार्टून के विक्रय हेतु निविदा आमंत्रित

**बीजापुर 4 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा बीजापुर जिले में संचालित मदिरा दुकान क्रमशः 1. देशी मदिरा दुकान बीजापुर, 2. विदेशी मदिरा दुकान बीजापुर, 3. विदेशी मदिरा दुकान भैरमगढ़ 4. देशी मदिरा दुकान आवापल्ली एवं 5. विदेशी मदिरा दुकान भोपालपटनम में वर्ष 2026-27 दिनांक 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 अथवा अगले निविदा कार्यवाही सम्पन्न होने तक के अवधि में निकलने वाले मदिरा के खाली कार्टून के विक्रय हेतु इच्छुक खरीददारों से निविदा सील बन्द लिफाफे में 09 अप्रैल 2026 को अपरान्ह 03 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी संयुक्त जिला कार्यालय भवन जिला बीजापुर में पुनः आमंत्रित की गई है। निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त निविदा को जिला स्तरीय गठित विक्रय समिति द्वारा दिनांक 09 अप्रैल 2026 को अपरान्ह 04 बजे खोली जावेगी। कार्टून की पृथक-पृथक सीलबंद निविदा जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड बीजापुर के नाम व्यक्तिशः या स्पीड पोस्ट से आमंत्रित किए गए है। समय पश्चात प्राप्त निविदा पर कोई विचार नही किया जावेगा। वह स्वमेव निरस्त मानी जाएगी। सीलबंद लिफाफे के उपर विषय अनिवार्य रूप से लिखा होना चाहिए। निविदा खुलने के समय निविदादाता/अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

# अतिक्रमणों पर राजस्व विभाग की बड़ी कार्रवाई, बड़े रामपुर में फेब्रिकेशन दुकान हटाकर भूमि कराई मुक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 4 अप्रैल।** रायगढ़ शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में बढ़ते अतिक्रमण के मामलों पर कठोर रुख अपनाते हुए आज तहसील रायगढ़ एवं तहसील पुसौर में कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व विभाग द्वारा अतिक्रमण विरोधी अभियान संचालित किया गया। अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमणों को हटाते हुए बेदखली की कार्यवाही की गई।



नगर निगम सीमा से लगे ग्राम बड़े रामपुर में शासकीय भूमि रकबा 07 डिसमिल पर अनाधिकृत रूप से संचालित फेब्रिकेशन दुकान को ध्वस्त किया गया तथा मुख्य सड़क मार्ग से लगी लगभग 10 डिसमिल भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। ग्राम सांगीतराई में स्थानीय नागरिकों से प्राप्त शिकायत के आधार पर खसरा नंबर 382, रकबा 0.243 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर अनुभव बिल्डर्स द्वारा की जा रही अवैध बाउंड्रीवाल को ध्वस्त कर भूमि को कब्जामुक्त किया गया।

तहसील पुसौर के ग्राम छातामुड़ा में भूमिस्वामी ओंकार सिंह बग्गा द्वारा अपने भूमिस्वामी हक से लगी शासकीय भूमि पर कालोनाइजेशन के उद्देश्य से सड़क निर्माण कर अतिक्रमण किया गया था। खसरा नंबर 252 अंतर्गत लगभग 2400 वर्गफुट भूमि पर किए गए इस अतिक्रमण के कारण एक प्राकृतिक नाले का प्रवाह भी अवरुद्ध हो रहा था। जनशिकायत के आधार पर राजस्व विभाग ने उक्त अवैध सड़क को ध्वस्त कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया तथा नाले का प्रवाह बहाल किया।

इसी प्रकार तहसील पुसौर के ग्राम लोहरसिंग में राष्ट्रीय राजमार्ग से लगी शासकीय भूमि पर कब्जा करने के उद्देश्य से एक निजी व्यक्ति द्वारा प्रीकास्ट वॉल खड़ी की गई थी। उक्त अतिक्रमण को भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ध्वस्त कर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की संभावना को समाप्त किया गया। अभियान के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री महेश शर्मा, तहसीलदार रायगढ़ श्री शिव कुमार डनसेना एवं नायब तहसीलदार रायगढ़ श्री हरनंदन बंजारे सहित राजस्व विभाग की टीम उपस्थित रही। अधिकारियों ने बताया कि शासकीय भूमि की सुरक्षा एवं अतिक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु यह अभियान आगे भी सतत रूप से जारी रहेगा।

## एक नजर

### कमार जनजातियों का होगा ऐप के जरिए डिजिटल सर्वे, 30 अप्रैल तक का लक्ष्य

**महासमुंद 4 अप्रैल ।** आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा आज जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण जिले में निवासरत कमार विशेष पिछड़ी जनजाति के डिजिटल सर्वे को लेकर आयोजित किया गया था। शासन की मंशा के अनुरूप अब इन परिवारों का ऑनलाइन ऐप के माध्यम से नए सिरे से दस्तावेजीकरण किया जाएगा। ताकि शासन की योजनाओं में जरूरत के अनुसार आवश्यक बदलाव कर उन्हें सीधा लाभ पहुंचाया जा सके।

कलेक्टर एवं जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष श्री विनय लंगेह कार्य की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। इस पूरे महाअभियान और सर्वे कार्य को 30 अप्रैल तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हेमंत नंदनवार जिला नोडल अधकारी हैं। संबंधित जनपद पंचायतों के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को विकासखंड नोडल की जिम्मेदारी सौंपी गई है।केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान के अंतर्गत जिले में विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास पर तेजी से कार्य किया गया है। वर्तमान में जिले के तीन विकासखंडों महासमुंद, बागबाहरा और पिथौरा के 76 ग्रामों में यह विशेष पिछड़ी जनजाति निवास कर रही है। इन ग्रामों में कुल 923 परिवार निवासरत हैं, जिनकी कुल आबादी 3,309 है। इन परिवारों के व्यक्तिगत दस्तावेज आधार कार्ड, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाने का काम पूरा किया जा चुका है। इसके साथ ही उनकी बसाहटों में बुनियादी अधोसंरचना जैसे- पहुंच मार्ग, बिजली और पेयजल की व्यवस्था भी लगभग शत-प्रतिशत पूर्ण कर ली गई हैप्रशिक्षण के दौरान मुख्य प्रशिक्षक श्री नीलेश खांडे ने उपस्थित अधिकारियों और मैदानी अमले को ऐप के माध्यम से सर्वे कार्य की विस्तार से जानकारी दी और इस दौरान तकनीकी व व्यावहारिक बातों की भी जानकारी दी गई। सभी 76 बसाहटों में इस सर्वे को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए ग्राम स्तरीय सर्वेक्षण दलों का गठन किया गया है। इस दल में पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन, बीट गार्ड एवं पटवारी व छात्रावास अधीक्षक को शामिल किया गया है।

### अग्निवीरों के लिए विभिन्न पदों पर 10 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद 4 अप्रैल।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा अग्निवीरों के लिए जारी अधिसूचना भारतीय सेना की वेबसाईट joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि महासमुंद जिले के ऐसे अविवाहित पुरूष एवं महिला अभ्यर्थी जिनकी जन्मतिथि 01 जुलाई 2005 से 01 जुलाई 2009 के मध्य है वे इस भर्ती ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकेंगे। पूर्व में ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 01 अप्रैल 2026 तक निर्धारित था, जिसे भारतीय सेना कार्यालय द्वारा तिथि में वृद्धि करते हुए अंतिम तिथि 10 अप्रैल 2026 तक निर्धारित किया गया है।

अग्निवीर भर्ती जनरल (महिला व पुरुष), अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर व अग्निवीर ट्रेडमेन ( 8वीं और 10वीं पास) के पदों के लिए जारी की गई है। इसके अतिरिक्त सिपाही (फार्मा) के पदो के लिए भी पुरुष आवेदकों से आवेदन मंगाए गए हैं जिनकी जन्मतिथि 01 जुलाई 2002 से 01 जनवरी 2008 के बीच होना अनिवार्य है।जो अभ्यर्थी थल सेना अग्निवीर भर्ती हेतु आवेदन कर चुके हैं लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु रोजगार विभाग के पोर्टल https://erojgar.cg.gov.in/ में ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। इस संबंध में अधिकारी जानकारी और समस्या के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212, 0771-2965212 पर संपर्क कर सकते हैं।

# महतारी वंदन योजनाः ई-केवाईसी के लिए प्रशिक्षण आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 4 अप्रैल। महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों के द्वितीय चरण के ई-केवाईसी कार्य को सुचारू एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने हेतु जनपद पंचायत लैलूँगा एवं तमनार में संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण प्रशासन के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारी एवं मैदानी अमला उपस्थित रहा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की उपस्थिति में सीएससी जिला प्रबंधक रवि सिंह द्वारा दोनों विकासखंडों के सभी सीएससी सेंटर संचालकों एवं आंगनबाड़ी सुपरवाइजरों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में ई-केवाईसी प्रक्रिया, तकनीकी पहलुओं, आवश्यक दस्तावेजों एवं समय-सीमा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।




अधिकारियों ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार महतारी वंदन योजना के सभी हितग्राहियों का ई-केवाईसी किया जाना अनिवार्य है। इसके लिए 1 अप्रैल से 30 जून 2026 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा, ताकि प्रत्येक पात्र हितग्राही का सत्यापन सुनिश्चित किया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान सभी सीएससी संचालकों एवं आंगनबाड़ी सुपरवाइजरों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, हितग्राहियों को जागरूक करने एवं समय-सीमा के भीतर ई-केवाईसी पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने यह भी कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए, जिससे योजना का लाभ समय पर हितग्राहियों तक पहुंच सके।

# प्रतापपुर के ग्रामों में जिला पंचायत सीईओ ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

**सूरजपुर, 4 अप्रैल।** जिला पंचायत सीईओ श्री विजेंद्र सिंह पाटले द्वारा विगत दिवस जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम ग्राम पंचायत मदन नगर पहुँचकर जिला पंचायत सीईओ ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत निर्माणाधीन अटल/लालासाय तालाब कार्य का स्थलीय जिला पंचायत सीईओ द्वारा विकास कार्यो के भौतिक निरीक्षण व धरातल पर शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जायजा लिया गया ताकि बेहतर तरीके से शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जा सके। इस संपूर्ण निरीक्षण में अपर कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा, डीएमसी श्री मनोज साहू, एसडीएम प्रतापपुर श्रीमती ललिता भगत, तहसीलदार श्री सुरेश राय, जनपद पंचायत सीईओ श्री अनिल तिवारी, एसडीओ (आरईएस), सब इंजीनियर श्री बृजेश नरेश, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी श्री निर्मल श्याम, पटवारी, पीएम आवास ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मनोहर पैकरा, मनरेगा टीए श्री संजय लाल, कमलेश्वर राजवाड़े, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अवैध रेत परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, 7 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 4 अप्रैल।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में विकासखंड कुरूद के ग्राम पंचायत चारभाटा (नारी) से प्राप्त शिकायत के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुरूद द्वारा त्वरित संज्ञान लिया गया। उनके निर्देश पर आज सुबह राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा औचक एवं सघन जांच अभियान चलाया गया।

जांच के दौरान 07 ट्रैक्टर-ट्रॉली बिना वैध अनुमति के अवैध रूप से रेत परिवहन करते पाए गए। सभी वाहनों को मौके पर ही जब्त कर कृषि उपज मंडी कुरूद की अभिरक्षा में सुरक्षित रखा गया है। संबंधित प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन कलेक्टर (खनिज शाखा) को प्रेषित कर दिया गया है।प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस तरह की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी, जिससे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ-साथ राजस्व की हानि को रोका जा सके।कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने कहा कि, अवैध खनिज परिवहन पर जिला प्रशासन की शून्य सहिष्णुता की नीति है। सभी संबंधित विभागों को सतत निगरानी एवं कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# डुबान प्रभावित उरपुटी आंगनबाड़ी केंद्र का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 4 अप्रैल।** जिले के डुबान प्रभावित ग्राम उरपुटी में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का आज कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में संचालित विभिन्न गतिविधियों का गहन अवलोकन करते हुए बच्चों को दी जा रही प्रारंभिक शिक्षा, पूरक पोषण आहार, नाश्ता तथा खेल-आधारित शिक्षण पद्धति की गुणवत्ता का जायजा लिया। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री पीयूष तिवारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद वर्षा रानी सहित संबंधित अधिकारी उनके साथ थे ।कलेक्टर श्री मिश्रा ने आंगनबाड़ी केंद्र में साफ-सफाई, स्वच्छता व्यवस्था, बच्चों की उपस्थिति एवं अभिलेखों के संधारण की समीक्षा करते हुए व्यवस्थाओं को संतोषजनक पाया। उन्होंने प्री-स्कूल गतिविधियों के तहत उपलब्ध शिक्षण सामग्री, खिलौनों की उपयोगिता तथा बच्चों की सहभागिता का निरीक्षण कर आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया।बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर ने उनके स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड, नियमित वजन मापन एवं पोषण स्तर की जानकारी ली। उन्होंने कुपोषण मुक्त अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे की स्वास्थ्य स्थिति पर सतत निगरानी रखी जाए।गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को केंद्र में स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने, बच्चों को व्यक्तिगत पानी की बोतल रखने के लिए प्रेरित करने तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से हाथ धोने और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने पर बल दिया।निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी के नन्हे बच्चों ने कलेक्टर का स्वागत छत्तीसगढ़ का राजगीत ÷आरपा पैरी के धार÷ प्रस्तुत कर किया, जिसकी कलेक्टर ने सराहना करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने बच्चों के बीच शिक्षक की भूमिका निभाते हुए उनसे फलों, रंगों एवं जानवरों के नाम पूछे, जिसका बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास और उत्साह के साथ उत्तर दियाकलेक्टर श्री मिश्रा ने बच्चों को खिलौने एवं मिठाइयां वितरित कर उनका मनोबल बढ़ाया। बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह स्पष्ट रूप से झलक रहा था। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि डुबान प्रभावित क्षेत्रों में भी इस प्रकार की गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करना सराहनीय है।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने के

# शकुन बाई ने अपनी बाड़ी में उगाया मुनगा, कलेक्टर को भेंट कर पारंपरिक 'मड़िया पेय' से आत्मीय स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 4 अप्रैल।** धमतरी विकासखंड के ग्राम उरपुटी की कृषक श्रीमती शकुन बाई कुजांम आज उन प्रगतिशील किसानों में शामिल हैं, जिन्होंने परंपरागत खेती से आगे बढ़ते हुए नवाचार और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने मेहनत, लगन और कृषि विभाग के मार्गदर्शन से सफलता की एक प्रेरणादायक मिसाल प्रस्तुत की है। शकुन बाई के पास कुल 7 एकड़ कृषि भूमि है, जो ट्यूबवेल से सिंचित है। उनके पास ट्रैक्टर, रोटावेटर, सीड ड्रिल, मल्टी क्रॉप थ्रेसर एवं रीपर जैसे आधुनिक कृषि उपकरण उपलब्ध हैं। उनके परिवार के 5 सदस्य खेती में सक्रिय सहयोग करते हैं, जिससे कृषि कार्य व्यवस्थित ढंग से संचालित हो पाता है।रबी सीजन में शकुन बाई ने 3 एकड़ क्षेत्र में लघु धान्य फसल रागी (छत्तीसगढ़ रागी-2) की खेती की। उन्होंने बीजोपचार के



लिए बीजामृत, तथा खाद के रूप में वर्मी कम्पोस्ट, डीएपी, पीएसबी एवं केएसबी का उपयोग किया। वैज्ञानिक विधियों से की गई खेती के परिणामस्वरूप उन्हें 28.50 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हुआ। कुछ वर्ष पहले बीज उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत रागी की खेती से उन्हें 5200 रुपये प्रति क्विंटल की दर से कुल 1,48,200 रुपये की आय हुई। इस उत्पादन में कुल लागत 27,000 रुपये रही, जिससे उन्हें 1,21,200 रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ। यह उनकी मेहनत और उन्नत कृषि तकनीकों का प्रत्यक्ष परिणाम है। कृषि विभाग द्वारा संचालित 'आत्मा' (ॠझ्रू) कार्यक्रम के तहत उन्हें निरंतर मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहयोग प्राप्त हुआ, जिससे उन्होंने फसल चक्र परिवर्तन और लघु धान्य फसलों की खेती को सफलतापूर्वक अपनाया। फसल कटाई के बाद वे ग्रीष्मकालीन जुताई भी करती हैं, जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहती है।

इस प्रेरक सफलता की जानकारी मिलने पर कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा आज स्वयं शकुन बाई के घर पहुंचे और उनकी खेती-किसानी के संबंध में बातचीत की । उन्होंने शकुन बाई की सराहना करते हुए इसे जिले के अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। इस अवसर पर शकुन बाई ने अपनी बाड़ी में उगाए गए मुनगा (सहजन) को भेंट स्वरूप प्रदान किया तथा पारंपरिक पत्तल-दोना में 'मड़िया पेय' से अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। यह ग्रामीण संस्कृति और आत्मनिर्भरता का सुंदर उदाहरण रहा। इस अवसर पर एसडीएम श्री पीयूष तिवारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।शकुन बाई की यह उपलब्धि दर्शाती है कि यदि किसान आधुनिक तकनीकों के साथ पारंपरिक ज्ञान का समन्वय करें, तो कम लागत में अधिक लाभ अर्जित किया जा सकता है। उनकी सफलता न केवल उनकी आर्थिक सुदृढ़ता का आधार बनी है, बल्कि क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए भी एक नई दिशा और प्रेरणा का स्रोत बनी है।

# पंजीयन पोर्टल के पहले ही गिरदावरी पोर्टल लाक पीएम आशा योजना के लाभ से किसान वंचित

**रायपुर,4 अप्रैल।** प्रदेश के रबी दलहन - तिलहन उत्पादक किसानों को निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाने के लिये केन्द्र सरकार द्वारा बनाये गये पी एम आशा योजना का लाभ लेने से अनेकों किसान वंचित हो गये हैं । इसका कारण किसान पंजीयन पोर्टल के पहले ही गिरदावरी पोर्टल को लाक कर दिया जाना है । किसान पंजीयन हेतु शासन ने अंतिम तिथि बीते 31 मार्च निर्धारित किया था लेकिन इसके पहले ही गिरदावरी पोर्टल विभागीय तालमेल न होने की वजह से बीते 26 मार्च से बंद हो गया है जिसके चलते क्राप सर्वे का इन्द्राज नहीं हो पा रहा ।

ज्ञातव्य हो कि केंद्र सरकार ने किसानों का आय बढ़ाने , फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने और संकटग्रस्त बिक्री को रोकने के उद्देश्य से किसानों के हित में विभिन्न दलहन - तिलहन फसलों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान जिसे संक्षेप में पी एम आशा योजना बनायी है । प्रदेश के कृषि विभाग ने पहले एकीकृत किसान पोर्टल में ऐसे किसानों के पंजीयन हेतु बीते 01 दिसंबर से बीते 28 फरवरी की तिथि व क्राप सर्वे रिपोर्ट इन्द्राज हेतु गिरदावरी पोर्टल 25 मार्च तक खुला रखने का निर्णय लिया था । इसी बीच कृषि संचालक व विभिन्न जिलाधीशों द्वारा डिजीटल क्राप सर्वे का डाटा तकनीकी त्रुटि के कारण अपडेट नहीं हो पाने के फलस्वरूप संबंधित पोर्टल पर कृषक पंजीयन का ?रकबा/ खसरा का प्रविष्टि नहीं हो पाने की जानकारी देते हुये किसान पंजीयन की समयावधि बढ़ाने की मांग किये जाने पर किसान पंजीयन की तिथि 31 मार्च तक बढ़ा दी गयी पर राजस्व विभाग द्वारा किये जाने वाले क्राप सर्वे ( गिरदावरी ) का इन्द्राज ?का निर्धारित तिथि विभागीय लापरवाही के चलते पूर्ववत् 25 मार्च ही रह गया । इसकी वजह से खासकर 26 से 31 मार्च तक पंजीयन कराने वाले किसानों का डिजीटल क्राप सर्वे का डाटा इन्द्राज नही हो पाने की जानकारी देते हुये किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय , कृषि मंत्री रामविचार नेताम , प्रमुख सचिव विकासशील व मुख्यमंत्री सचिवालय के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह को मेल से ज्ञापन भेज गिरदावरी पोर्टल आगामी 15 अप्रैल तक रबी उत्पादक किसानों के व्यापक हित में पुनः खुलवाने की मांग की है ।

## देशभर में बढ़ रही मांग, बेंगलुरु से कारगिल तक पहुंच रहा सुगंधित चावल

# लैलूंगा की पहचान बना 'केलो' जैविक जंवाफूल चावल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 4 अप्रैल।** रायगढ़ जिले के लैलूंगा क्षेत्र का 'केलो' जैविक जंवाफूल चावल आज अपनी विशिष्ट सुगंध, स्वाद और उत्कृष्ट गुणवत्ता के कारण एक अलग पहचान स्थापित कर चुका है। पारंपरिक रूप से उगाई जाने वाली यह धान की किस्म अब किसानों के लिए आय का मजबूत माध्यम बन रही है। प्रशासन और कृषि विभाग के सहयोग से इस उत्पाद को व्यवस्थित रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे यह स्थानीय स्तर से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। किसानों द्वारा अपनाई जा रही जैविक पद्धति और बेहतर विपणन व्यवस्था के कारण इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

जंवाफूल धान की सबसे बड़ी विशेषता इसकी प्राकृतिक सुगंध और स्वाद है, जो लैलूंगा क्षेत्र की विशिष्ट जलवायु में ही पूर्ण रूप से विकसित हो पाती है। यहां की भौगोलिक परिस्थितियां-दिन में पर्याप्त गर्मी और रात में हल्की ठंडककृइस धान की गुणवत्ता को विशेष बनाती हैं। यही कारण है कि इस क्षेत्र में उत्पादित चावल का स्वाद और खुशबू अलग पहचान रखता है और उपभोक्ताओं के बीच इसकी मांग निरंतर बढ़ रही है। 'केलो' जैविक जंवाफूल चावल की मांग अब छत्तीसगढ़




से बाहर भी तेजी से बढ़ रही है। बेंगलुरु, चेन्नई, तेलंगाना, लद्दाख और कारगिल जैसे क्षेत्रों में इसकी अच्छी मांग है। वर्तमान में इसका बाजार मूल्य लगभग 150 रुपये प्रति किलो है, जिससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त हो रहा है। वहीं बीज भी किसानों को 70 रुपए प्रति किलो की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे अधिक किसान इस फसल की खेती की ओर आकर्षित हो रहे हैं।लैलूंगा के किसान चंद्रशेखर पटेल बताते हैं कि उनके परिवार में लंबे समय से जंवाफूल चावल की खेती की जा रही है, लेकिन अब इसकी मांग और पहचान में काफी वृद्धि हुई है। इस वर्ष उन्होंने 4 एकड़ में इसकी खेती की, जिसमें प्रति एकड़ लगभग 30,000 रुपए की लागत आई। वे बताते हैं कि उन्हें प्रति एकड़ 1 लाख रूपये से अधिक की आय प्राप्त हो रही है। उनका कहना है कि इस फसल से उन्हें स्थिर और संतोषजनक आय मिल रही है, जिससे वे भविष्य में इसकी खेती का रकबा और बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। उनके उत्पाद की मांग राज्य के बाहर भी बढ़ रही है, जिससे उन्हें बेहतर बाजार उपलब्ध हो रहा है। ग्राम खैरबहार के किसान भवानी पंडा बताते हैं कि वे वर्ष 2015 से खेती कर रहे हैं और धीरे-धीरे जंवाफूल चावल की खेती की ओर बढ़े हैं। वे पूरी तरह जैविक पद्धति से खेती करते हैं, जिसमें रासायनिक खाद या कीटनाशकों का उपयोग नहीं किया जाता। हरी खाद का उपयोग कर वे खेत की उर्वरता बनाए रखते हैं। भवानी पंडा बताते हैं कि जंवाफूल चावल की खेती से उन्हें पारंपरिक धान की तुलना में अधिक लाभ मिल रहा है। वर्तमान में वे 2 एकड़ में इसकी खेती कर रहे हैं और आने वाले समय में इसे 20 एकड़ तक बढ़ाने का लक्ष्य रखे हुए हैं। जंवाफूल चावल की खेती पूरी तरह जैविक पद्धति से की जा रही है, जिससे इसकी गुणवत्ता और विश्वसनीयता बनी रहती है। रासायनिक मुक्त उत्पादन के कारण यह चावल स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी माना जाता है। यही वजह है कि उपभोक्ताओं के बीच इसकी मांग लगातार बढ़ रही है और किसानों को इसका बेहतर मूल्य मिल रहा है। प्रशासन और कृषि विभाग द्वारा इस फसल को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही किसान समूहों और एफपीओ के माध्यम से उत्पादन और विपणन को संगठित किया जा रहा है। पिछले वर्ष जहां लगभग 700 एकड़ में इसकी खेती की गई थी, वहीं इस वर्ष इसे बढ़ाकर 2000 एकड़ तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे अधिक से अधिक किसान इस लाभकारी फसल से जुड़ सकें। 'केलो' जैविक जंवाफूल चावल अब लैलूंगा की एक मजबूत पहचान बन चुका है। यह न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक है, बल्कि क्षेत्र को एक नई पहचान भी दिला रहा है। पारंपरिक खेती, जैविक पद्धति और प्रशासनिक सहयोग के समन्वय से यह पहल किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# राज्यपाल ने सरायपाली में विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली

**महासमुंद 4 अप्रैल ।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज सरायपाली प्रवास के दौरान रेस्ट हाउस में विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।राज्यपाल श्री डेका ने जल संरक्षण के कार्यों की सराहना करते हुए किसानों को डबरी खनन के लिए अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। बताया गया कि विकासखंड में 218 डबरी स्वीकृत की गई हैं तथा बड़ी संख्या में निर्माण कार्य पूर्ण किए गए हैं, राज्यपाल ने और गति देने की आवश्यकता पर बल दिया।उन्होंने वृक्षारोपण को जनआंदोलन के रूप में संचालित करने पर जोर देते हुए कहा कि ÷एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जाए। कैंपा एवं मनरेगा मद से वृहत वृक्षारोपण करते हुए शासकीय भवनों, रेस्ट हाउस परिसरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में फलदार एवं छायादार पौधे लगाए जाएं। विभाग ने बताया कि क्षेत्र में लगभग 1.50 लाख पौधरोपण किया गया है तथा अमृत सरोवरों के आसपास भी हरित विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## एक नजर

### शराब की अवैध बिक्री, गिरफ्तार



बलौदाबाजार 4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 02.04.2026 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम संडी जर्वे रोड नहर के पास में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से ?3200 कीमत मूल्य का 32 पाव देशी मसाला शराब एवं बिक्री रकम ?150 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना पलारी में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### पक्का आवास मिलने से जीवन में आई खुशहाली

रायपुर, 4 अप्रैल। प्रधानमंत्री आवास योजना छत्तीसगढ़ राज्य में पक्के घर का सपना संजोने वाले लाखों ग्रामीण परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसी कड़ी में सक्ति जिले के ग्राम पलाड़ी कला के निवासी सजन साहू के लिए पक्का घर कभी एक अधूरा सपना था, जो अब हकीकत में बदल चुका है। रोजी-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाले सजन साहू वर्षों तक जर्जर कच्चे मकान में जीवन यापन कर रहे थे, जहां हर बारिश उनके लिए संकट लेकर आती थी। टपकती छत, भीगता सामान और गिरती दीवारों के बीच उनका परिवार लगातार असुरक्षा में जी रहा था। एक बार भारी बारिश के दौरान उनके घर की दीवार गिर जाने से स्थिति और भी भयावह हो गई थी। ऐसे कठिन दौर में प्रधानमंत्री आवास योजना उनके जीवन में उम्मीद की किरण बनकर आई। योजना के तहत आवास स्वीकृत होने के बाद जैसे उनके जीवन में नया उत्साह भर गया। पहली किस्त प्राप्त होते ही उन्होंने घर निर्माण कार्य शुरू किया और धीरे-धीरे उनका सपना साकार होता गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से उनका पक्का मकान समय पर पूर्ण हो सका। आज सजन साहू अपने परिवार के साथ सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं। अब न उन्हें बारिश का डर सताता है और न ही घर गिरने की चिंता। उनका नया घर न केवल सुरक्षा का प्रतीक है, बल्कि उनके आत्मसम्मान और बेहतर भविष्य की नींव भी है। भावुक होकर सजन साहू बताते हैं कि यह घर उनके लिए सिर्फचार दीवारें नहीं, बल्कि उनके सपनों का साकार रूप है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना ने उनके परिवार को नई पहचान और सुरक्षित, खुशहाल जीवन दिया है।

### राज्यपाल से रेडक्रॉस प्रतिनिधियों ने की सौजन्य भेंट

रायपुर,4 अप्रैल। राज्यपाल श्री रमेन डेका के आज सरायपाली प्रवास के दौरान रेडक्रास एवं एन सी सी के पदाधिकारियों ने भेंट की। कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष विनय कुमार लंगेह एवं अनुपमा आनंद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सरायपाली के दिशा-निर्देशन एवं सभापति संदीप दीवान (इंडिया रेडक्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा महासमुंद) के मार्गदर्शन तथा जिला संगठक डा अशोक गिरि गोस्वामी के नेतृत्व में भारतीय रेडक्रास सोसायटी ज़िला शाखा महासमुन्द अन्तर्गत पदाधिकारियों ने मुलाकात की। सभी ने रेडक्रास गीत गाकर राज्यपाल का स्वागत किया। रेडक्रॉस काउंसलर्स एवं वालेंटियर्स की टीम ने राज्यपाल एवं पदेन अध्यक्ष इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी (राज्य शाखा, रायपुर) का स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री रमेन डेका ने रेस्ट हाउस परिसर में ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान के तहत पीपल का पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# नि :शुल्क चिकित्सा शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने उपचार करा कर लिया लाभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा नेवरा 4 अप्रैल। संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड, के सौजन्य से समता फाउंडेसन और ?म जी एम हॉस्पिटल रायपुर,उपाध्याय हॉस्पिटल रायपुर के विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम के सहयोग से ग्राम पंचायत बिनैका के पंचायत भवन में नि;शुल्क नेत्र परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीण अंचल में जरूरतमंद लोगों को सुलभ एवं निशुल्क नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था।शिविर में आस-पास के आधा दर्जन से अधिक गावों के सैकड़ो ग्रामीणों ने निशुल्क नेत्र जाँच ,खून जाँच ,बी पी ,शुगर ,,जनरल चेकअप कराकर लाभ प्राप्त किया।विशेषज्ञों ने मरीजों को जांच कर उपचार परामर्श प्रदान किया गया। साथ हि आवश्यकता अनुसार मरीजों को आगे के उपचार के लिए




पंजीकृत किया गया। शिविर में 3 लोगो मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया एवं उन्हें ऑपरेशन के लिए रायपुर ले जाया गया .सभी का निशुल्क आपरेशन संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड,के सहयोग से ?म जी एम हॉस्पिटल रायपुर में किया जाएगा।आपरेशन कराने वालो के लिए आने जाने रहने की व्स्था की गई है ।इस मौके पर संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड, की सी एस आर हेड श्रीमती शीतल गोयल ने संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड,ने की उनके द्वारा ग्राम पंचायत बिनैका सी एस आर मद से ग्राम पंचायत बिनैका के शाला में रंगमंच का निर्माण , रोड क्रांक्रीटीकरण और मंदिर के पास में रंग मंच और कमरा निर्माण किया गया है अपने दायित्व को बखूबी निभाने समय समय पर इस तरह के निःशुल्क शिविर लगाकर जरूरत मंदों को मदद करता आ रहे है । शीतल गोयल ने कहा जाँच में जिन मरीजों को मोतियाबिंद निकला है उनका हमारे द्वारा मुफ्त में ऑपरेशन कराया जायेगा । उन्होंने कहा की हमें छोटी सी छोटी बीमारियों को हल्के में नहीं लेना चाहिए समय रहते डॉक्टरों से परामर्श कर स्वास्थ्य लाभ लेना चाहिए. हम चाहते हमारे क्षेत्र का हर व्यक्ति स्वस्थ और निरोग रहे । और इसी भावना से हमने इस शिविर का आयोजन किया है । शिविर में निःशुल्क दवाओं नजर के चश्मे का निशुल्क वितरण किया गया ।।शिविर में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत बिनैका के सरपंच .मुकेश बंजारे , उपसरपंच कमलेश ध्रुव , एवं पंच गण तथा ग्राम के गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे,शिविर को सफल बनाने के लिए संभव स्टील ट्यूब लिमिटेड के एम जी के मूर्ति ,सुचिता जैन , लक्ष्मी ,राकेश कुमार निर्मलकर ,जितेंद्र वर्मा ने सराहनीय सहयोग रहा।

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का आयोजन जनजातीय प्रतिभाओं के लिए यादगार मंच: साय

रायपुर,4 अप्रैल। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पंडित दीनदयाल आडिटोरियम रायपुर में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 10 दिनों में छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर जो जोश और ऊर्जा देखने को मिली, उसने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन देश की आदिवासी प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने और उनकी खेल क्षमता को सामने लाने का अनूठा अवसर साबित हुआ है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके विजन और मार्गदर्शन के कारण छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय



स्तर पर प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की मेजबानी का गौरव प्राप्त हुआ। साथ ही केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के निरंतर सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से छत्तीसगढ़ आज देश के खेल मानचित्र में प्रमुख स्थान पर स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि अब यह गेम्स प्रतिवर्ष छत्तीसगढ़ में आयोजित किए जाएंगे, जो राज्य के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जनजातीय समाज और खेल का रिश्ता सदियों पुराना है। तीरंदाजी, दौड़ और कुश्ती जैसे खेल जनजातीय जीवन का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। उन्होंने स्वयं के जनजातीय पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए कहा कि जनजातीय समाज में अपार ऊर्जा और प्रतिभा निहित है, जिसे सही मंच मिलने पर देश-विदेश में पहचान मिल सकती है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि देश की एकता, संस्कृति और कौशल का महाकुंभ बनकर उभरा है। देशभर के 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के जनजातीय खिलाड़ियों ने इसमें भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह आयोजन आदिवासी युवाओं को सशक्त बनाने और खेलों को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि खिलाड़ियों ने केवल जीत के लिए नहीं, बल्कि साहस और उत्कृष्टता की नई कहानियां रचने के लिए प्रतिस्पर्धा की है।

## सभी कार्यालय ई- ऑफिस के माध्यम से शतप्रतिशत कार्य डिजिटल मोड में करें




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार,4 अप्रैल। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गुरुवार को नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर ए ऑफिस, आई गॉट कर्मयोगी, ई -एचआरएमएस में ऑनबोर्डिंग की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारी कर्मचारियों को आई गॉट कर्मयोगी का प्रशिक्षण एवं ई-एचआरएमएस में पंजीयन जल्द पूरा कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि सभी कार्यालयों में ई -ऑफिस के माध्यम से डिजिटल मोड़ पर ही कार्य संपादन सुनिश्चित करें। केवल वित्त सबंधित नस्ती को छोड़कर शेष सभी फ़ाईलिंग व पत्राचार ई-ऑफिस के माध्यम से ही पूरा करना है। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास,शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस एवं अन्य अधिक अमले वाले विभागों को विशेष रूप से ध्यान देने कहा। उन्होने जिला कोषालय की सूची अनुसार विभागवार नियमित अधिकारी -कर्मचारियों को कर्मयोगी मिशन के तहत प्रशिक्षण पूरा करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि आने वाले समय में सभी कार्यालयीन कार्य ऑनलाइन सम्पादित किया जाना है जिसमें ई -एचआरएमएस शामिल है। बैठक में सभी विभागों के नोडल अधिकारियो को विकासखंड स्तरीय कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों की सूची एवं पंजीयन की जानकारी उपलब्ध कराने कहा गया। इस दौरान अपर कलेक्टर निशा नेताम मड़ावी सहित विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# गुपचुप प्रमोशन पर बवाल: नियम ताक पर रख गबन के आरोपी को फायदा देने की कोशिश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरिया4 अप्रैल। राजनांदगांव जिले की एक सेवा सहकारी समिति में कर्मचारी पदोन्नति को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। सूत्रों के अनुसार, कर्मचारी सेवा नियम 2018 की खुलेआम अनदेखी कर एक विवादित कर्मचारी को प्रमोशन देने की कोशिश की गई है, जिससे पूरे सहकारिता तंत्र में हड़कंप मच गया है।

नियमों के अनुसार, किसी भी कर्मचारी की पदोन्नति से पहले कमेटी के सभी सदस्यों को कम से कम 7 दिन पहले सूचना देना अनिवार्य होता है, साथ ही निर्धारित तिथि और समय पर विधिवत बैठक आयोजित कर निर्णय लिया जाता है। लेकिन इस मामले में न तो समय पर सूचना दी गई और न ही पूर्ण कमेटी की उपस्थिति सुनिश्चित की गई।

बताया जा रहा है कि जारी किए गए दस्तावेज में केवल दो सदस्यों के हस्ताक्षर हैं, जबकि सहकारिता विस्तार अधिकारी, केंद्रीय सहकारी बैंक के ब्रांच मैनेजर और समिति प्रबंधक जैसे महत्वपूर्ण सदस्यों के हस्ताक्षर गायब हैं। इससे पूरी प्रक्रिया की वैधता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिस कर्मचारी को प्रमोशन देने की प्रक्रिया अपनाई गई, वह पहले किसानों के 8-10 खातों से राशि गबन करने के आरोप में सेवा से बर्खास्त किया जा चुका है। बाद में बहाली होने के बावजूद उसके खिलाफ बम्हनी-चारभाटा सोसाइटी में जांच रिपोर्ट उपलब्ध बताई जा रही है। सूत्रों का दावा है कि उप आयुक्त सहकारी समितियां राजनांदगांव के अधिकारी द्वारा जल्दबाजी में कार्रवाई पंजी में एंट्री करवा कर प्रमोशन की प्रक्रिया पूरी कराई गई और अब संबंधित अधिकारियों पर हस्ताक्षर के लिए दबाव बनाया जा रहा है। मामले की शिकायत रायपुर मंत्रालय, पंजीयक कार्यालय और संयुक्त पंजीयक कार्यालय दुर्ग तक पहुंच चुकी है। सूत्र यह भी बता रहे हैं कि बढ़ते विवाद और जांच की आशंका के चलते संबंधित अधिकारी अब इस प्रस्ताव को बैकडेट में निरस्त करने की तैयारी में हैं।

अगर इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होती है, तो सहकारिता विभाग में बड़ा प्रशासनिक भूचाल आ सकता है और जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई तय मानी जा रही है।

## जल संरक्षण के कार्यों को और गति दें,अधिक से अधिक पेड़ लगाकर संरक्षित करें: राज्यपाल

रायपुर,4 अप्रैल। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने जल संरक्षण के कार्यों की सराहना करते हुए किसानों को डबरी खनन के लिए अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। बताया गया कि विकासखंड में 218 डबरी स्वीकृत की गई हैं तथा बड़ी संख्या में निर्माण कार्य पूर्ण किए गए हैं, राज्यपाल ने और गति देने की आवश्यकता पर बल दिया। राज्यपाल श्री डेका ने आज सरायपाली प्रवास के दौरान रेस्ट हाउस में विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राज्यपाल ने वृक्षारोपण को जनआंदोलन के रूप में संचालित करने पर जोर देते हुए कहा कि ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जाए। कैंपा एवं मनरेगा मद से वृहत वृक्षारोपण करते हुए शासकीय भवनों, रेस्ट हाउस परिसरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में फलदार एवं छायादार पौधे लगाए जाएं। विभाग ने बताया कि क्षेत्र में लगभग 1.50 लाख पौधरोपण किया गया है तथा अमृत सरोवरों के आसपास भी हरित विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने इसमें जनभागीदारी बढ़ाने के निर्देश दिए।

## अवैध रेत परिवहन पर प्रशासन की कार्वाई, 3 ट्रैक्टर जब्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 4 अप्रैल। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर प्रशासन की टीम द्वारा कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में तहसील कसडोल क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टरों को जब्त किया है। यह कार्रवाई एसडीएम रामरतन दुबे और तहसीलदार विवेक पटेल के नेतृत्व में की गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध रूप से रेत का परिवहन की सूचना पर प्रशासन की टीम ने छापामार कार्रवाई की। इस दौरान बिना वैध दस्तावेज के रेत का परिवहन करते हुए 3 ट्रैक्टर पकड़े गए। कार्रवाई के बाद सभी जब्त ट्रैक्टरों को थाना कसडोल में सुपुर्द कर दिया गया है।

# महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव की बहाली की मांग को लेकर एनएसयूआई ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सिमगा 4 अप्रैल। जिले के समस्त महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव की बहाली की मांग को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) द्वारा माननीय राज्यपाल महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के आदेशानुसार एवं जिला अध्यक्ष विवेक यदु के निर्देश पर और जिला महा सचिव हितेश साहू के मार्ग दर्शन से ब्लॉक अध्यक्ष लक्की लहरे के नेतृत्व में ज्ञापन राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से प्रेषित किया गया ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि विगत कई वर्षों से छात्र संघ चुनाव नहीं कराए जाने के कारण छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का लगातार हनन हो रहा है। इससे छात्रों की समस्याएं प्रभावी रूप से प्रशासन तक नहीं पहुंच पा रही हैं और उनकी आवाज़ दबकर रह गई है



साथ ही मुख्य रूप से उपस्थित ब्लॉक कांग्रेस सिमगा के अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने अपने बयान में कहा कि, ÷छात्र संघ चुनाव छात्रों का मौलिक लोकतांत्रिक अधिकार है, जिसे लंबे समय से रोका जाना पूरी तरह अन्यायपूर्ण है साथ ही वारिस्ट नेता हेमलाल साहू अभिषेक शर्मा लोकेश साहू प्रमोद लहरे उपस्थित थे।

## मोर गांव-मोर पानी महाभियान से जन-जन जुड़ा

रायपुर, 4 अप्रैल। दुर्ग जिले ने जल संरक्षण के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए प्रदेश ही नहीं, देश के लिए भी एक मिसाल पेश की है। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में संचालित ÷मोर गांव मोर पानी महाभियान÷ अब एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत निर्मित आवासों में मात्र 15 दिनों के भीतर 32,058 रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण कर जिले ने एक अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नेतृत्व में यह अभियान सुनियोजित ढंग से आगे बढ़ाया गया।

# शिक्षकों के हित के लिए रणनीति बनाने एसोसिएशन की महासभा 5 अप्रैल को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

मोहला 4 अप्रैल। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन मोहला मानपुर अ.चौकी के जिला अध्यक्ष श्रीहरि, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र यदु,प्रदेश संगठन मंत्री बाबूलाल लाडे,जिला सचिव रूपेंद्र नन्दे,प्रांतीय आईटीसेल प्रभारी केवल साहू,अंगद सलामे,रमेश सोनी,मनोज देशमुख,भेषराम रावटे,ललिता कन्नौजे,राममणि द्विवेदी,बंशी विनायक,सत्यवान वाकडे,सुधन सिंह कोरेटि,रविंद्र रामटेके,हिमेश्वरी देवांगन,किशोर देवांगन,संजय देवांगन,दिवाकर बोरकर,सरोज साहू,दिलीप धनकर,जीवन नेताम,मोहला मानपुर अ.चौकी के ब्लॉक अध्यक्ष वीरेन्द पाल लाडेश्वर,देवशंकर तारम,निर्मला कसारे,जिला मिडिया प्रभारी गुलाब सिन्हा ने बताया की छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा शिक्षक संवर्ग की ज्वलंत समस्याओं और भविष्य की रणनीति पर विचार-विमर्श करने हेतु एक विशाल आमसभा (महासभा) का आयोजन 5



अप्रैल 2026 को राजधानी रायपुर में किया जा रहा है। यह बैठक शांति नगर स्थित विमतारा भवन, मधु पिल्लै चौक में आयोजित होगी।

### मुख्य एजेंडा और उद्देश्य

इस महासभा का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों से जुड़े उन गंभीर मुद्दों पर रणनीति तैयार करना है जो वर्तमान में शिक्षक संवर्ग के भविष्य को प्रभावित कर रहे हैं। चर्चा के प्रमुख बिंदु निम्नलिखित हैं-

पूर्व सेवा से पेंशन एवं ?पूर्ण पेंशन का अधिकार- एल बी संवर्ग के शिक्षक बिना पेंशन के सेवानिवृत्त हो रहे है, अधिकांश शिक्षक न्यूनतम पेंशन पर सेवानिवृत्त होंगे, ऐसे शिक्षकों की बढ़ती संख्या पर चिंता और समाधान की दिशा में कार्ययोजना बनाना।

क्रमोन्नति एवं पदोन्नति- लंबे समय से लंबित क्रमोन्नति और पदोन्नति की प्रक्रियाओं में तेजी लाने हेतु रणनीति। प्रशिक्षण संबंधी मुद्दे- टीईटी , डीएड और बीएड प्रशिक्षण से जुड़ी समस्याओं का निराकरण।

### प्रदेशाध्यक्ष की अपील

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने प्रदेश, जिला और ब्लॉक स्तर के सभी पदाधिकारियों को इस सभा में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है, उन्होंने कहा- आज बड़ी संख्या में शिक्षक 'जीरो पेंशन' के साये में सेवानिवृत्त हो रहे हैं, यदि आज हम एकजुट होकर प्रभावी रणनीति नहीं बनाएंगे, तो आने वाले वर्षों में यह समस्या और भी विकराल हो जाएगी। संगठन की शक्ति ही हमारी जीत का आधार है।

## एनएसयूआई के जिला महासचिव ने शासकीय राजीव गांधी महाविद्यालय का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सिमगा 4 अप्रैल। एनएसयूआई के जिला महासचिव विधायक प्रतिनिधि शासकीय राजीव गांधी महाविद्यालय सिमगा श्री हितेश साहू जी आज महाविद्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुँचा। निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय की व्यवस्थाओं की स्थिति अत्यंत चिंताजनक एवं शर्मनाक पाई गई। निरीक्षण के दौरान देखा गया कि महाविद्यालय परिसर में लगा वाटर कूलर बंद पड़ा हुआ है और उसकी स्थिति इतनी खराब है कि उस पर कीड़े-मकोड़े तक पड़े हुए हैं। यह स्थिति साफ दर्शाती है कि विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के प्रति महाविद्यालय प्रशासन पूरी तरह लापरवाह है।इसके साथ ही बाथरूम एवं शौचालयों की स्थिति अत्यंत गंदी एवं बदहाल पाई गई। बाथरूम में इतनी अधिक गंदगी और दुर्गंध है कि कोई भी छात्र-छात्रा वहाँ जाना उचित नहीं समझता। यह स्थिति न केवल असुविधाजनक है बल्कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न कर रही है। महाविद्यालय परिसर में जगह-जगह टूट-फूट देखने को मिली, जिससे यह स्पष्ट होता है कि रख-रखाव पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं, महाविद्यालय का हेल्प डेस्क, जो विद्यार्थियों



की सहायता के लिए बनाया गया है, उसकी स्थिति खुद इतनी खराब है कि उसे देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो उसे ही सहायता की आवश्यकता हो। महाविद्यालय प्रशासन की इस घोर लापरवाही के कारण विद्यार्थियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है।

एक नजर

## सुधर्म भवन का शिलान्यास सम्पन्न



**रायपुर, 4 अप्रैल।** सुधर्म स्थानकवासी जैन संघ रायपुर द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन धार्मिक शिक्षण शिविर का समापन एवं सुधर्म भवन का शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त जानकारी देते हुए अजय जैन ने बताया कि विगत 41 वर्षो से सुधर्म परिवार रायपुर द्वारा ग्रीष्मकालीन धार्मिक शिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेमचंद श्रीश्रीमाल एवं विशेष अतिथि मोतीलाल कांकरिया एवं पारसमल बोथरा थे। उक्त अवसर पर सुधर्म स्थानकवासी जैन संघ रायपुर अध्यक्ष प्रेमचंद गोलछा महामन्त्री कमल बोहरा विशेष रूप से उपस्थित थे। शिविर में अध्यापन खीचन गुरुकुल के ओजस्वी सुश्रावक विद्यासागर एवं सहयोगी टीम जोधपुर द्वारा करवाया गयाद्य शिविर में लगभग 800 से भी ज्यादा लोगों ने भाग लिया। शिविर के लाभार्थी परिवार पूज्य माताश्री स्व. रंभा देवी एवं पूज्य पिताजी स्व. पुखराज गोलछा की स्मृति में मूलचंद श्रीचंद गोलछा परिवार थे।

### सच्चिदानंद उपासने को बधाई



**रायपुर, 4 अप्रैल।** सचिदानंद उपासने को लोकतंत्र सेनानी संघ का राष्ट्रीय महामंत्री बनाये जाने पर नहर पारा विकास समिति के पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने उनके निवास वामनराव लाखे वार्ड के प्रोफेसर कालोनी में जाकर गुलदस्ता देकर व मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया व बधाई दी।

### झूलेलाल मंदिर का स्थापना दिवस 5 को

**रायपुर, 4 अप्रैल।** श्रीराम मंडली एवं श्रीराम युवा मंडली द्वारा 36 वर्षों से झूलेलाल मंदिर भोईपारा, लाखेनगर का स्थापना दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी बड़े ही हर्षोल्लास से झूलेलाल मंदिर का स्थापना दिवस 5 अप्रैल को मनाया जाएगा। यह जानकारी पूर्व पार्षद प्रेम बिरनानी ने दी है।

निधन

### कौशल्या देवी

**रायपुर, 4 अप्रैल।** अग्रोहा कालोनी निवासी एम्स के प्रतिष्ठित चिकित्सक आलोक अग्रवाल एवं रायपुर की स्त्री रोग विशेषज्ञ डा.आशा जैन की माता कौशल्या देवी (धर्मपत्नी स्व.परमानंद अग्रवाल)का 93 वर्ष की आयु कल निधन हो गया। जिनकी अन्त्येष्टि संस्कार आज महादेव घाट मुक्तिधाम में हुआ। इस अवसर पर चिकित्सा क्षेत्र व समाज के प्रतिष्ठित लोगों ने श्रद्धांजलि दी।



# अब भाजपा नेताओं के साथ मंच साझा नहीं करेंगे कांग्रेसी

**रायपुर, 4 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ की राजनीति में एक बार फिर गर्माहट देखने को मिल रही है। रायपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी ने एक कड़ा और चौंकाने वाला आदेश जारी किया है, जिसने राजनीतिक गलियारों में चर्चा का बाजार गर्म कर दिया है।

### आदेश न मानने पर कड़ी कार्रवाई

रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष पप्पू बंजारे द्वारा जारी किए गए इस आधिकारिक निर्देश के अनुसार, अब कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों के साथ किसी भी सार्वजनिक मंच पर नजर नहीं आएंगे।कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए किसी भी ऐसे कार्यक्रम या समारोह में भाग लेना पूर्णतः वर्जित रहेगा जहाँ बीजेपी के जनप्रतिनिधि मौजूद हों। आदेश में स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई है कि यदि कोई भी सदस्य बीजेपी नेताओं के साथ मंच साझा करते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त संगठनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### क्यों लिया गया यह फैसला?

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, यह निर्णय संगठन को और अधिक सक्रिय और विचारधारा के प्रति प्रतिबद्ध बनाने के लिए लिया गया है। अक्सर स्थानीय कार्यक्रमों में विपक्षी दलों के नेताओं का एक साथ दिखना कार्यकर्ताओं के बीच भ्रम पैदा करता है। इस आदेश के माध्यम से कांग्रेस नेतृत्व यह संदेश देना चाहता है कि कार्यकर्ताओं के बीच पार्टी की विचारधारा को लेकर कोई संशय न रहे।पार्टी की मंशा है कि आगामी चुनावों को देखते हुए बीजेपी के खिलाफआक्रामक रुख अख्तियार करना और संगठन के भीतर अनुशासन को और मजबूत करना है।

### राजनीतिक गलियारों में हलचल

इस आदेश के बाद रायपुर की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो सकता है। जहाँ कांग्रेस इसे अपने कैडर को मजबूत करने का तरीका बता रही है, वहीं दूसरी ओर बीजेपी इसे कांग्रेस की संकीर्ण मानसिकता और लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ करार दे सकती है। अब देखना यह होगा कि इस आदेश का जमीन पर कितना असर होता है और क्या रायपुर ग्रामीण के कांग्रेसी नेता स्थानीय सामाजिक कार्यक्रमों में इस लक्ष्मण रेखा का पालन कर पाते हैं या नहीं।



कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अपनी पहचान और विचारधारा के साथ अडिग रहना होगा। विपक्षी दल के साथ मंच साझा करना हमारी सक्रियता और विरोध की धार को कम करता है, इसलिए यह कड़ा कदम उठाना जरूरी था। बंजारे ने बताया कि साझा मंच पर विकास की बात होनी चाहिए, जबकि भाजपा नेता कांग्रेस की आलोचना करने में ही व्यस्त रहते हैं।

-पप्पू बंजारे, जिलाध्यक्ष (रायपुर ग्रामीण)

## नक्सल मामले पर बघेल का बयान दुर्भाग्यपूर्ण : कश्यप

**रायपुर, 4 अप्रैल।** कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने नक्सल उन्मूलन में संदर्भ में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण और संवेदनहीन बताया है। कश्यप ने कहा कि जहां भाजपा की डबल इंजन सरकार द्वारा किए गए नक्सल उन्मूलन की देश भर में प्रशंसा हो रही है, वहाँ भूपेश बघेल का यह कहना कि सुरक्षा बलों को बस्तर से वापस बुला लिए जाय ऐसा है मानो बघेल चाह रहे हों कि वहाँ के आदिवासी असुरक्षित हो जाएँ ताकि उनको नुक़सान पहुँचा कर फिर से बघेल अपनी राजनीतिक रोटी सेंक सके। कश्यप ने कहा कि बघेल कोई आंतरिक सुरक्षा मामलों के विशेषज्ञ नहीं हैं, बेहतर हो कि इस पर राजनीतिक टिप्पणी नहीं करें। जिन्होंने कांग्रेस पोषित आतंक को पूरी तरह समाप्त करने का ऐतिहासिक और चमत्कारिक काम किया है, उन्हें यह भी बेहतर पता होगा कि कब सुरक्षा बलों को रखना है या कब हटाना है। कश्यप ने कहा कि सुरक्षा बलों को अभी हटाने की बात कहना बदनीयती के अलावा और कुछ नहीं है। बघेल को ऐसी टिप्पणियों से बचना चाहिए।



# सरकार बस्तर के सभी ग्राम पंचायतों को 1 करोड़ रुपये तत्काल दे : बैज

रायपुर, 4 अप्रैल। कांग्रेस ने मांग किया है कि सरकार बस्तर के सभी गांव के विकास के लिए 1 करोड़ प्रति गांव की राशि तत्काल प्रदान करे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार ने खुद घोषित किया था, बस्तर का जो गांव नक्सल मुक्त हो जाएगा उसको 1 करोड़ रू. प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, राज्य के गृह मंत्री से लेकर पूरी सरकार यह बयान दे रही है कि बस्तर सहित पूरा प्रदेश नक्सल मुक्त हो गया है, तब सरकार अपनी घोषणा के अनुसार बस्तर संभाग के सभी गांवों के लिए तुरंत 1 करोड़ रू. की राशि जारी किया जाए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बस्तर के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार तत्काल विशेष आर्थिक पैकेज की भी घोषणा करे, ताकि बस्तर को विकास की मुख्यधारा में लाया जा सके। बस्तर की खूबसूरती की रक्षा के साथ यहां के युवाओं के लिए रोजगार और वनोपज आधारित उद्योगों के लिए सरकार विशेष कार्य योजना बनायें। बस्तर के युवाओं के लिए नौकरी के लिए विशेष भर्ती अभियान चलाये सरकार।

पीसीसी अध्यक्ष बैज ने कहा कि एनएमडीसी का मुख्यालय बस्तर में खोला जाना चाहिए। एनएमडीसी भारत की वह नवरत्न कंपनी है जो लौह अयस्क तो बस्तर से निकलती है और उसे दुनिया भर में भेजती है, परंतु अपना मुख्य कार्यालय बस्तर की बजाए तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में बनाए बैठी है, पूर्व में बस्तर में यातायात के अभाव से यह निर्णय ठीक लगता था परंतु वर्तमान में बस्तर भी अब सर्वसुविधायुक्त बन चुका है, एनएमडीसी को अपना मुख्यालय अब बस्तर में बनाना चाहिए ताकि बस्तर के बेरोजगार युवाओं के लिए एनएमडीसी में रोजगार का द्वार खुल सके। बैज ने कहा कि बस्तर के निवासी इस बात के लिए आशंकित है कि सरकार बस्तर की खनिज संपदा को बस्तर के पहाड़ों और जंगलों को निजी उद्योगपतियों को सौंप सकती है। डबल इंजन की सरकार इस बात की गारंटी ले कि बस्तर के आदिवासियों तथा बस्तरियों के भावनाओं के विपरीत बस्तर में अडानी एवं अन्य उद्योगपतियों की इन्ट्री नहीं होगी।



डबल इंजन की सरकार बस्तर विकास के लिए विशेष पैकेज दे

युवाओं के नौकरी के लिए विशेष भर्ती अभियान चलाये सरकार

# प्राचीन दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर से निकली शोभायात्रा

**रायपुर, 4 अप्रैल।** फाफडीह रमण मंदिर वार्ड स्थित पिपलेश्वर महादेव दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर द्वारा आयोजित 18 वां वर्ष हनुमान जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

मंदिर समिति संयोजक घनश्याम राजू तिवारी ने बताया की हनुमान जन्म उत्सव के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें विशेष रूप दुर्ग से बुलवायी गयी भगवान श्रीराम भक्त हनुमान की मूर्ती रथ पर सवार झांकी ने अनेक लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया, भक्तिमय डी.जे. धुन पर नाचते झूमते हुए जय जय सियाराम के नारे लगाते महिला, पुरुष, युवा ने खूब आंनद उठाया और आस्था प्रकट की। मंदिर प्रांगण में पूजन हवन के पश्चात भंडारा रखा गया था, जिसमे हजारो लोगो ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। संध्या 06 बजे संगीतमय धुन में सुंदरकांड पाठ हनुमान चालीसा श्रवण का सौभाग्य प्राप्त हुआ, अंशु महराज की भजन मंडली द्वारा देर रात्रि तक संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान भजन की प्रस्तुती ने भक्तों का मन मोहित कर दिया।

मंदिर समिति संयोजक घनश्याम राजू तिवारी ने हनुमान जन्मोत्सव 2026 के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रम को सफल बनाने समिति सदस्यों, आयोजन में पधारे समस्त माताओ, भाई, बहनों, युवा भक्तो एवं प्रत्यक्ष - अप्रत्यक्ष सहयोगियों का आभार व्यक्त किया है।



# झुग्गी बस्तियों में मनाई जाएगी अम्बेडकर जयंती

रायपुर। भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता झुग्गी बस्तियों में जाकर पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करें व सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बस्तियों में निवासरत अंतिम व्यक्ति तक पहुँचायें। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने प्रकोष्ठ द्वारा विगत दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम प्रदेश के पूरे जिले में सुने जाने पर प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की सराहना की।

भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक संजू नारायण सिंह ठाकुर ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए, आगामी कार्यकम 06 अप्रैल भाजपा स्थापना दिवस एवं 14 अप्रैल डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती प्रकोष्ठ द्वारा झुग्गी बस्तियों में मनाए जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा स्थापना दिवस प्रदेश के पूरे जिले में प्रकोष्ठ द्वारा मनाया जायेगा व अम्बेडकर जयंती के अवसर पर समरसता भोज का आयोजन किया जायेगा।




# भाजपा के लिए राष्ट्र सर्वोपरि : अशोक बजाज

**रायपुर, 4 अप्रैल।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने नवापारा राजिम में मंडल स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ करते हुये कहा कि दुनिया तृतीय विश्व युद्ध की कगार पर खड़ी है। अमेरिका ईरान युद्ध से दुनिया भर में उथल पुथल मचा हुआ है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुशल रणनीति के चलते भारत में पूरी तरह शांति है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता ऐसे समय में सरकार को सहयोग करने के बजाय देश को बदनाम करने पर लगे है। जबकि भाजपा सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि मान कर चलती है। बजाज ने अभनपुर मंडल के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनसंघ की स्थापना 1951 से लेकर अब तक की यात्रा में भाजपा ने कभी राष्ट्रहित से समझौता नहीं किया। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता व अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहूति दी।



# गुड फ्राइडे पर चर्च में आराधना

**रायपुर, 4 अप्रैल।** प्रभु यीशु का मानव जाति के उद्धार के लिए दिए गए बलिदान का स्मरण दिवस गुड फाइडे शुक्रवार को किया गया। चर्चों में उद्धार का यह पर्व सादगी के साथ मनाया गया। चर्चों के पवित्र स्थान काले वस्त्रों से ढाँक दिये गए थे।इस मौके पर होली क्रास स्कूल से सेंट जोसफ महागिरजाघर तक क्रूस का रास्ता के पारंपरिक संस्कार के रूप में जुलूस आर्च बिशप विक्टर हैनरी ठाकुर की अगुवाई में निकाला।। प्रभु यीशु द्वारा क्रूस पर कही सात वाणियों पर चर्चों में मनन किया गया। इसमें हजारों मसीही शामिल हुए।

गुड फ्राइडे पर सीएनआई प्रार्थना भवन खड़वा नवा रायपुर, बिलीवर्स चर्च, सेंट पीटर चर्च ज़ोरा, ग्रेस चर्च, सेंट मैथ्यूज़ चर्च में आराधना हुई। सेंट पॉल्स कैथेड्रल रायपुर में छत्तीसगढ़ डायसिस की बिशप सुषमा कुमार विशेष आराधना में शामिल हुए। गुड फ्राइडे आराधना में, नितिन लॉरेंस। चि धर्मराज, जॉन राजेश पॉल और प्रवीण जेम्स, चि धर्मराज, किरण सिंह भी शैमल हुए! ईस्टर पर सनराइज सर्विस रविवार को सुबह 5 बजे कब्रस्थान में होगी। इसके बाद ईस्टर आराधना कैथेड्रल में सुबह 9 बजे होगी। 2. सेंट जोसफ महागिरजाघर बैरनबाजार रायपुर में आर्च बिशप विक्टर हैनरी ठाकुर, वीजी फादर सबास्टियन पी और फ़ादर जॉन जेवियर पवित्र मिसा संस्कार संपन्न कराया।



# श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर का नवम ध्वजारोहण 12 अप्रैल को

**रायपुर, 4 अप्रैल।** सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में चैत्री पूनम के अवसर पर दादागुरुदेव की बड़ी पूजा हुई। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि जैन धर्म में चैत्र पूर्णिमा का विशेष महत्व है, इस दिन 5 करोड़ मुनि भगवंत के साथ पुंडरीक स्वामी ने मोक्ष प्राप्त किया था, इसलिए शत्रुंजय का नाम पुंडरीक गिरी के रूप में विख्यात हुआ।

महेन्द्र कोचर ने आगे बताया कि आज प्रातः से ही श्रद्धालुओं ने नवपद ओली की आराधना क्रिया, चैत्री पूनम की विधि विधान के साथ पूजन चैत्यवन्दन पश्चात दादागुरुदेव की पूजा में बढ़चढ़ कर भाग लिया। वर्द्धमान चोपड़ा, निर्मल पारख, दीप्ती बैद, मंजू कोठारी, विवेक बैद ने भगवान महावीर जन्मकल्याणक पर बाजे क्षत्रियकुण्ड में बधाई की वीर जन्मे महावीर जन्मे के भजन से भक्ति को भावविभोर कर दिया। ट्रस्टी नीलेश गोलछा व टीकम जैन ने बताया कि आगामी वैसाख वदी दशमी 12 अप्रैल को सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी का अष्टम ध्वजारोहण महोत्सव शासन प्रभाविका प्रवर्तिनी प पु निपुणा म सा की सुशिष्या प्रवचन प्रवीणा स्नेहयशा म सा आदि ठाणा की पावन निश्रा में मनाया जाएगा।



आयोजन | ऑल इंडिया वॉलीबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ

# वॉलीबॉल में प्रदेश के खिलाड़ियों ने बनाई विशिष्ट पहचान : मूणत

**रायपुर, 4 अप्रैल।** महादेव घाट स्थित हटकेश्वरनाथ वॉलीबॉल ग्राउंड में आयोजित 5वें ऑल इंडिया वॉलीबाल टूर्नामेंट 2026 का शुक्रवार को मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर उन्होंने प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन करने के साथ ही नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी किया।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मूणत ने कहा कि वॉलीबॉल खेल आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अत्यंत लोकप्रिय और प्रसिद्ध हो चुका है। इस खेल में देश और प्रदेश के अनेक खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा के बल पर विशिष्ट पहचान बनाई है और नाम अर्जित किया है। उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, स्वास्थ्य, ऊर्जा और सामाजिक समरसता का भी सशक्त आधार है। इस अवसर पर उन्होंने हटकेश्वरनाथ वॉलीबाल मैदान में खिलाड़ियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त भवन निर्माण तथा खिलाड़ियों के स्वास्थ्यवर्धन एवं प्रशिक्षण के लिए प्रथम मंजिल में जिम निर्माण के लिए 20 लाख। पए अनुदान देने की घोषणा की। उनकी इस घोषणा से खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और आयोजन समिति में विशेष उत्साह से भर गया। इस अवसर पर मनोज वर्मा, महेन्द्र औसर (पार्षद द्वय), मोहम्मद अकरम खान, अनुराग राठी (संरक्षक), कल्याण सिंह, विक्की वालिया, सुनील शर्मा, अध्यक्ष सैयद अनवर अली, संस्थापक सदस्य मंगलेश्वर सिंह, मार्तण्ड सिंह, जितेंद्र सिंह, पंकज नायक, सचिव रमाकांत निषाद सहित संघ के समस्त सदस्य तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### रायपुर ने जीता उद्घाटन मैच

हटकेश्वरनाथ वॉलीबॉल संघ रायपुर के वरिष्ठ सदस्य पंकज नायक ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच महिला वर्ग में रायपुर और आगरा के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में रायपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 25-13, 25-22 से जीत हासिल कर विजयी शुरुआत की। मैच के दौरान मेजबान टीम की खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट तालमेल, बेहतरीन सर्विस, मजबूत डिफेंस और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। प्रतियोगिता में मास्टर्स 40+ वर्ग के साथ-साथ ओपन गर्ल्स स्पर्धा भी आयोजित की जा रही है, जिसमें देश-विदेश की टीमें भाग ले रही हैं। आयोजन स्थल पर पहले ही दिन खेलप्रेमियों और दर्शकों की अच्छी उपस्थिति रही तथा पूरे क्षेत्र में खेल उत्सव जैसा वातावरण देखने को मिला।

# माँ कर्मा जयंती पर हुए कई कार्यक्रम



**रायपुर, 4 अप्रैल।** रायपुर। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिंगदेही में इकाई साहू संघ द्वारा आयोजित माँ कर्मा जयंती महोत्सव कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता एवं सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने माँ कर्मा को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की कार्यक्रम के दौरान लोकगाथा पंडवानी की आकर्षक प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कलाकारों ने अपनी मधुर वाणी और जीवंत प्रस्तुति के माध्यम से परंपरागत लोककथाओं को सजीव कर दिया, जिससे पूरा वातावरण उत्साह, श्रद्धा और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर हो उठा। बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएं, युवा एवं बच्चे कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन का आनंद लेते नजर आए इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए योगेश तिवारी ने कहा कि माँ कर्मा जयंती केवल एक पर्व नहीं, बल्कि समाज की आस्था, श्रम, समर्पण और संस्कृति का प्रतीक है। ऐसे आयोजन हमें अपने पूर्वजों के आदर्शों को याद करने और उन्हें जीवन में अपनाने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि समाज तभी आगे बढ़ता है जब वह अपनी परंपराओं और संस्कारों को संजोकर रखता है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26